● सीधी, सिंगरौली,मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 37, अंक 09, पृष्ठ : 08, सीधी, गुरुवार , 06 फरवरी 2025 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र

दैनिक समाचार पत्र

# विन्ध्य टाइगर

हक की बात, बुलंदी के साथ



टीएमसी ने की केन्द्र से बड़ी मांग 5

वरुण चक्रवर्ती का वनडे सीरीज के लिए चयन 6



# पीएम मोदी ने संगम में लगाई आस्था की डुबकी

**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मंत्रोच्चारण के बीच गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती की त्रिवेणी के में पुण्य की डुबकी लगाकर पूरी दुनिया को एकता का संदेश दिया। पांच डुबकी लगाने के साथ उन्होंने खुशहाल एवं सशक्त भारत तथा विश्व कल्याण की कामना की। उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। इस दौरान वह रुद्राक्ष की माला का जप करते भी नजर आए। डुबकी लगाने के बाद उन्होंने गंगा पूजन और आरती भी की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री सुबह करीब सवा 10 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरे और वहां से करीब साढ़े 10 बजे अरैली में हेलीपैड पर पहुंचे। हेलीपैड पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इसके बाद अरैल घाट से विशेष मोटर बोट से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री संगम घाट आए। फिर भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया और तर्पण भी किया। संगम स्नान के बाद उन्होंने पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन भी किया।

काले कुर्ते और भगवा पटके व हिमांचली टोपी पहने पीएम मोदी ने वैदिक मंत्रों और श्लोकों के बीच संगम त्रिवेणी में अक्षत, नैवेद्य, पुष्प, फल और लाल चुनरी अर्पित की। इसके बाद उन्होंने संगम स्थल पर तीनों पावन नदियों की आरती भी उतारी। वहा मौजूद तीर्थ पुरोहित ने उनका टीका लगाकर अभिनंदन किया। पूजन अर्चन के बाद करीब 11 बजकर 35 मिनट पर पीएम मोदी, मुख्यमंत्री के साथ उसी बोट पर बैठकर वापस हैलीपैड की ओर रवाना हो गए।

महाकुम्भ में जहां दुनिया भर के श्रद्धालुओं का समागम हो रहा है, वहां प्रधानमंत्री ने पावन डुबकी के माध्यम से पूरी दुनिया को एक भारत श्रेष्ठ भारत और वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश दिया। बुधवार को पीएम मोदी का संगम स्नान बहुत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण रहा। इस दौरान विशिष्ट योग का भी संयोग रहा। दरअसल, बुधवार का दिन विशेष था, क्योंकि हिंदू पंचांग के अनुसार इस समय गुप्त नवरात्रि चल रही है और बुधवार को भीष्माष्टमी भी थी। गुप्त नवरात्रि पर जहां देवी पूजन किया जाता है तो वहीं, भीष्माष्टमी पर श्रद्धालु अपने पुरखों का तर्पण और श्राद्ध भी करते हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सुबह प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचे, जहां से वह एमआई 17 हेलिकॉप्टर में बैठकर डीपीएस हेलिपैड पहुंचे। यहां पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका स्वागत और अभिनंदन किया। यहां से प्रधानमंत्री अरैल घाट पहुंचे, जहां से विशेष बोट पर सवार होकर उन्होंने त्रिवेणी संगम का रुख किया। बोट पर उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री महाकुम्भ में की गई व्यवस्थाओं और श्रद्धालुओं को दी जा रही सुविधाओं के विषय में सीएम योगी से जानकारी लेते हुए भी दिखाई दिए। बोट से भ्रमण के दौरान पीएम ने त्रिवेणी संगम में मौजूद श्रद्धालुओं का भी अभिवादन स्वीकार किया।

प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी जब त्रिवेणी संगम पहुंचे तब आम श्रद्धालु भी संगम स्नान कर रहे थे। पीएम मोदी के आगमन के बावजूद लोगों को स्नान करने से रोका नहीं गया था। वीवीआईपी मूवमेंट के बाद भी कहीं कोई गतिरोध उत्पन्न नहीं हुआ और एक तरह से पीएम मोदी और अन्य श्रद्धालुओं ने एक साथ ही त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई। इससे श्रद्धालु भी प्रसन्न नजर आए और संगम तट पर लाखों लोगों की मौजूदगी में हर हर गंगे और मोदी-मोदी के जयकारे गुंजायमान होते रहे। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुम्भ में अब तक वीवीआईपी मूवमेंट के बावजूद श्रद्धालुओं को संगम स्नान में कहीं कोई दिक्कत नहीं आ रही है। इसी का नतीजा है कि मात्र 24 दिनों में अब तक 39 करोड़ श्रद्धालु संगम में पावन डुबकी लगा चुके हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेधावी विद्यार्थियों को प्रदान की ई-स्कूटी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जीवन में सफलता के लिए योग्यता के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और संस्कारों का अनुसरण आवश्यक है। मेरिट में आए विद्यार्थी यदि अपनी योग्यता का उपयोग केवल स्वयं के लिए करेंगे तो उनकी प्रतिभा का लाभ समाज को नहीं मिल पाएगा। नैतिक मूल्यों का अनुसरण करते हुए सबके हित और सबके सुख का ध्यान रखकर किए गए कार्य न केवल समाज अपितु राष्ट्र की प्रगति में विद्यार्थियों के योगदान का मार्ग प्रशस्त करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व का सबसे महान देश बनने के मार्ग पर अग्रसर है। ऐसे में मेरिट में आए विद्यार्थी अपनी योग्यता, क्षमता और निपुणता से अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज हित और देश की उन्नति में हरसंभव योगदान दें। लक्ष्य प्रगति में ही उनकी श्रेष्ठता सही अर्थों में सिद्ध होगी और भारत को प्रगति पथ पर अग्रसर करने में सार्थक योगदान दे सकेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मेधावी विद्यार्थियों को ई-स्कूटी वितरण के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान श्री राम, भगवान श्रीकृष्ण, सम्राट विक्रमादित्य, पन्ना-धाय के उद्धरण देते हुए कहा कि अद्भुत क्षमता और सामर्थ्य के साथ नैतिक मूल्यों पर अडिग रहने के उदाहरणों ने ही इन महान विभूतियों के जीवन को आदिकाल से वर्तमान तक अनुकरणीय बनाया है। अंग्रेजी साम्राज्य का जब सूर्य अस्त नहीं होता था तब नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अपनी योग्यता और क्षमता के आधार पर विश्व में अपनी सामर्थ्य के उदाहरण प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हर चुनौती और कठिन समय का धैर्य और साहस के साथ सामना करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को शासकीय और निजी क्षेत्र की नौकरियों का लक्ष्य रखने के साथ ही समाज को नेतृत्व प्रदान करने, आने वाली पीढ़ी को शिक्षा देने जैसे दायित्वों के निर्वहन को भी अपना ध्येय बनाना चाहिए।



# भारतीय परंपरा आज की दुनिया के लिए आवश्यक: भागवत

**कोच्चि।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को भारतीय परंपरा की दुनियाभर में आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा व्यक्तिगत आत्म उद्धार और सभी की भलाई के लिए काम करने की बात करती है इसलिए ये आज की दुनिया के लिए बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि दुनिया को उम्मीद है कि भारत अपनी इन परंपराओं, विचारों और संस्कारों को बनाए रखेगा ताकि हम अपने जीवन को बचा सकें और दूसरों के लिए एक अच्छा उदाहरण पेश कर सकें। भागवत ने आगे कहा कि इन विचारों और प्रवृत्तियों को समाज और व्यक्तिगत जीवन में फिर से लागू करना चाहिए, क्योंकि यही हमारे और दुनिया के जीवित रहने का तरीका है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि भारत का यह कर्तव्य है, विशेषकर हिंदू समाज का और हमें इसे निभाना होगा।



बता दें कि भागवत इस समय केरल में दो दिवसीय यात्रा पर हैं। बुधवार को वह पठानमथिट्टा जिले में एक हिंदू धार्मिक सम्मेलन को संबोधित करेंगे और 6 फरवरी को राज्य से लौटेंगे।

साथ ही उन्होंने तपस्या के कार्य की 50वीं वर्षगांठ के जश्न की बात करते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं को इस लक्ष्य की ओर प्रेरित करेगा और इससे हमें आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। भागवत ने यह भी कहा कि यदि भारत का बौद्धिक और कलात्मक क्षेत्र इस भावना के साथ काम करता है, तो बहुत कम वर्षों में हमारे समाज में बड़ा बदलाव आ सकता है।

## पश्चिमी उदारवादी विचार देश की संस्कृति के लिए खतरा

**नई दिल्ली।** आरएसएस महासचिव दत्तात्रेय होसबोले ने बुधवार को पश्चिमी उदारवादी विचार को देश के लिए खतरा बताया। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा कि भारत में विभिन्न माध्यमों और रास्तों से कार्यरत पश्चिमी उदारवादी विचार देश की सांस्कृतिक निरंतरता के लिए खतरे का कारण बन रहे हैं। साथ ही उन्होंने लोगों से जागने और इस प्रक्रिया को रोकने की अपील की। होसबोले ने कहा कि यह उदारीकरण और वैश्वीकरण के नाम पर एक नया उपनिवेशीकरण तरीका है, जिसमें सभी सांस्कृतिक और राष्ट्रीय विचारों को एक समान रूप में पेश किया जा रहा है।

# भारत सरकार ने सभी एआई एप पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** भारतीय वित्त मंत्रालय ने चैट जीपीटी और डीपसिक जैसे एआई टूल्स और एप्लिकेशन के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया है। 29 जनवरी 2025 को जारी इस सर्कुलर का उद्देश्य संवेदनशील सरकारी डेटा की सुरक्षा को सुनिश्चित करना और संभावित साइबर खतरों को रोकना है।

संयुक्त सचिव प्रदीप कुमार सिंह द्वारा हस्ताक्षरित इस आदेश में कहा गया है कि सरकारी कंप्यूटरों पर एआई-सक्षम एप्लिकेशन का उपयोग गोपनीय सरकारी जानकारी को खतरे में डाल सकता है। इसके मद्देनजर, मंत्रालय ने सभी कर्मचारियों को आधिकारिक उपकरणों पर ऐसे टूल्स के उपयोग से बचने की सलाह दी है। यह आदेश वित्त सचिव की मंजूरी के बाद जारी किया गया है और इसे राजस्व, आर्थिक मामलों, व्यय, सार्वजनिक उपक्रम, डिपम और वित्तीय सेवाओं सहित प्रमुख सरकारी विभागों को भेजा गया है।

यह प्रतिबंध वैश्विक स्तर पर एआई टूल्स को लेकर बढ़ती चिंताओं का हिस्सा है। कई एआई मॉडल, जिनमें चैट जीपीटी भी शामिल है, उपयोगकर्ता इनपुट को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं, जिससे डेटा लीक या अनधिकृत पहुंच की आशंका बनी रहती है। इससे पहले, कई निजी कंपनियों और वैश्विक संगठनों ने भी एआई टूल्स के उपयोग को सीमित कर दिया है ताकि संवेदनशील डेटा के गलत इस्तेमाल से बचा जा सके। इससे पहले इटली और ऑस्ट्रेलिया ने भी चाइनीज एआई टूल डीपसीक को बैन किया है।

डेटा लीक का खतरा- चैट जीपीटी और डीपसिक जैसे एआई मॉडल उपयोगकर्ता द्वारा डाले गए डेटा को बाहरी सर्वरों पर प्रोसेस करते हैं। इसका मतलब है कि यदि सरकारी कर्मचारी गोपनीय जानकारी इन टूल्स में दर्ज करते हैं, तो वह डेटा संग्रहीत, एक्सेस या दुरुपयोग हो सकता है। सरकारी विभागों में वित्तीय डेटा, नीतिगत मसौदे और आंतरिक संचार जैसे संवेदनशील डेटा होते हैं।

## एससीओ के नए महासचिव से मिले विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को दिल्ली में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के नए महासचिव नुर्लान येरमेकेबायेव से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज शाम दिल्ली में एससीओ के महासचिव नुर्लान येरमेकेबायेव से मिलकर खुशी हुई। उन्हें इस नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने आगे बताया कि इस मुलाकात में एससीओ के भीतर भारत के योगदान और सुरक्षित एससीओ के निर्माण पर चर्चा की गई।

# सीएम नीतीश कुमार के गढ़ में घुसकर लालू यादव ने किया एलान

### तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे

**नालंदा।** विधानसभा चुनाव की तैयारी सभी राजनीतिक दल जुट गए हैं। राष्ट्रीय जनता दल भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव लगातार यात्रा कर रहे। इधर, उनके पिता और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह जिले नालंदा में सभा को संबोधित किया। उन्होंने सीएम नीतीश कुमार के गढ़ में बड़ा एलान करते हुए कहा कि हमलोग हर हाल में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा कि हम लोगों इकट्ठा होकर इस देश में अपनी सरकार बनानी है। आपलोग कहीं किसी के सामने सिर नहीं झुकाना और ना हमने झुकाया है और न आपलोग किसी के सामने झुकना। नालंदा के इस्लामपुर विधानसभा के पूर्व विधायक स्वर्गीय कृष्ण बल्लभ प्रसाद की 24वीं पुण्यतिथि पर पहुंचे लालू प्रसाद ने कहा कि मैं आप लोगों ने अपील करता हूं कि आपलोग इस देश की रक्षा के लिए हम सब एक साथ खड़ा रहे।

# दिल्ली की सभी 70 सीटों पर मतदान खत्म

### मुस्तफाबाद सीट पर सबसे अधिक 66.68 फीसदी वोटिंग हुई

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार विधानसभा में देर रात हुआ भारी हंगामा। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार दिनेश मोहनिया बुरी तरह घायल हुए ।आप समर्थनों का आरोप है कि भाजपा के कार्यालय के सामने से गुजरने के दौरान लाठी ,डंडे फेंक कर हमला किया। वहीं भाजपा के लोगों ने आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी के लोगों ने उनके कार्यालय में तोड़फोड़ की है। इस घटना के बाद भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया है। खुद पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान भी मौके पर पहुंचे हैं

दिल्ली सरकार में मंत्री और ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज ने कहा, क्या चिराग दिल्ली और ईस्ट ऑफ कैलाश में कानून अलग-अलग होगा? यहां के डीसीपी और एसएचओ को संस्पेंड नहीं किया जाएगा क्योंकि वे भाजपा की ड्यूटी कर रहे हैं। यह गलत है। जहां हमारी पकड़ मजबूत है वहां सुबह महिलाएं वोट डालने गईं और अंदर पोलिंग बूथ में इन्होंने अंधेरा किया हुआ था। यह एक षड्यंत्र था। मैं इनकी शिकायत करूंगा और अगर तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई तो मैं सुप्रीम कोर्ट जाकर इनके खिलाफ एक्शन करवाऊंगा।

एग्जिट पोल पर केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा, भाजपा पिछले 5 साल से लगातार भाजपा का भ्रष्टाचार जनता के बीच में लेकर जा रही थी। जनता को यह समझ आया कि आप ने दिल्ली की जनता को ठगा है। अब ऐसा लगता है कि भाजपा की सरकार पूर्ण बहुमत के साथ बनने जा रही है।

नौ एग्जिट पोल्स के नतीजे आ गए हैं, इनमें आठ में भाजपा को बहुमत के आसार हैं। माइंड ब्रिंक के एग्जिट पोल के अनुसार, आम आदमी पार्टी (आप) को 44-49 मिल सकती हैं। जबकि भाजपा+ को 21-25 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं कांग्रेस के खाते में एक 0-1 सीट जा सकती है।

# मिल्कीपुर उपचुनाव में मतदान खत्म, हुई रिकॉर्ड वोटिंग, 65.25 फीसदी वोट पड़े

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में रिकॉर्ड मतदान हुआ है। 5 बजे तक 65.25 फीसदी वोटिंग हुई। साल 2022 में इस सीट पर 59.95 फीसदी मतदान हुआ था। इस बार मतदान ने इस आंकड़े को पार कर नया कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। अभी भी लोग बूथों पर अपनी वोटिंग के इंतजार में खड़े हैं। ऐसे में यह आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है।

उत्तर प्रदेश के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने मिल्कीपुर उपचुनाव पर कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में है। विपक्ष के लोगों में हताशा और निराशा हैं।

मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए बुधवार को हो रहा मतदान एक नया रिकॉर्ड बनाने की ओर आगे बढ़ रहा है। दोपहर 3:00 बजे तक 57 फीसदी से ज्यादा वोट पड़ चुके हैं। यदि इतने ही समय की तुलना वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव से की जाए तो तब 51.84 फीसदी वोट ही पड़े थे। इस तरह इस बार मतदान प्रतिशत काफी बढ़ गया है।

## भूटान की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएगा भारत

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत भूटान की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने के लिए तत्पर है। सिंह ने रॉयल भूटान आर्मी के मुख्य परिचालन अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ हुई बैठक में यह जानकारी दी। शेरिंग शनिवार से भारत की छह दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान सिंह और लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग ने द्विपक्षीय संबंधों व अन्य विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। राजनाथ ने कहा कि पड़ोसी पहले की नीति के तहत भूटान की रक्षा तैयारियों की क्षमता की वृद्धि में भारत अपना पूरा सहयोग देगा। इसमें सैन्य उपकरण, हथियार, हार्डवेयर और परिसंपत्तियों की आपूर्ति भी शामिल है।

# भोपाल में किसानों का हल्ला बोल

**भोपाल।** फसलों के दाम में बढ़ोतरी जैसे कई मुद्दे लेकर प्रदेश भर के किसान बुधवार को राजधानी भोपाल पहुंचे। प्रदेश से आए किसान वल्लभ भवन मंत्रालय घेरने का प्लान बनाया था इसके पहले किसान लिंक रोड नंबर एक स्थित ऑफिस के सामने धरना दे रहे थे। इसी बीच डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा किसानों से मिलने धरना स्थल पहुंचे और उनकी मांगों को पूरी करने का आश्वासन दिया। किसानों ने डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा को आवेदनों से भरा झोला सौंपा। जिसके बाद किसानों ने धरना खत्म कर दिया है। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा, मुझे पता लगा कि किसान वल्लभ भवन आ रहे हैं तो सरकार खुद उनके पास आ गई। डिप्टी सीएम ने किसानों की सारी मांगों को पूरा करने की बात कही। देवड़ा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने समय-समय पर किसानों के हित में निर्णय लिए हैं। जो भी शिकायती ज्ञापन मिले हैं, उनका जल्द समाधान किया जाएगा। किसान हमारे हैं, हम आपसे अलग नहीं हैं। हम आपके साथ खड़े हैं। इसके बाद किसानों ने शिकायती आवेदनों से भरा झोला डिप्टी सीएम को सौंप दिया।

प्रदर्शन करने भोपाल पहुंचे किसानों ने कहा है कि जब तक वोट नहीं डलते तब तक सब बात सुनते हैं। अब वोट देकर राजा बना दिया, तो उन्होंने हमें अपने हाल पर छोड़ दिया। ऐसे ही काम हो रहे होते तो बच्चों को वहां छोड़कर यहां थोड़े ही आते। हमें इसमें मजा थोड़े ही आता है। सरकार फसलों के अच्छे रेट के नाम पर हर बार झुनझुना पकड़ा देती है।

# 11 एग्जिट पोल्स के नतीजे आए, इनमें 9 में बीजेपी को बहुमत के आसार

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को मतदान के साथ ही चुनाव संपन्न हो गए। यहां विधानसभा की 70 सीटों पर कराए गए एक चरण में 5 बजे तक 57.70% मतदान दर्ज किया गया। विधानसभा चुनावों के खत्म होने के बाद अलग-अलग सर्वे एजेंसियां कुछ ही देर में दिल्ली के लिए एग्जिट पोल के आंकड़े जारी कर दिए हैं।

दिल्ली के विधानसभा चुनाव में कई पोलिंग एजेंसियों ने एग्जिट पोल्स जारी कर दिए हैं। इनमें से अब तक जिन सात एग्जिट पोल्स का एलान हुआ है, उन सभी में भाजपा को बहुमत मिलता दिख रहा है।

मैट्रिज के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 32-37 सीटें मिल सकती हैं। वहीं भाजपा को 35-40 सीट मिल सकती हैं। उधर कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई है।

जेवीसी के एग्जिट पोल के मुताबिक, आप को 22 से 31 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। भाजपा को 39-45 सीटें और कांग्रेस को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल कर सकती है।

चाणक्य के एग्जिट पोल के मुताबिक, भाजपा को 39 से 44 सीटें मिल सकती हैं। यानी भाजपा खुद बहुमत हासिल कर सकती है। वहीं आप को 25-28 सीटें मिलने की संभावना है। कांग्रेस को 2-3 सीटें मिलने की संभावना है।

पी-मार्क पोलिंग एजेंसी के आंकड़ों की मानें तो भाजपा आसानी से बहुमत के आंकड़े को पार कर सकती है। पार्टी यहां 39-49 सीटें पा सकती है। दूसरी तरफ आप को 21 से 31 सीटें मिलती दिख रही हैं। कांग्रेस को इसमें 0-1 सीट मिल सकती है।

वी-प्रीसाइड पहला एग्जिट पोल है, जिसमें आम आदमी पार्टी की सरकार बचती दिख रही है। वी प्रीसाइड ने आप को 46-52 सीटें दी हैं। वहीं, भाजपा को 18-23 सीट जीतते दिखाया है। इस एग्जिट पोल में भी कांग्रेस को 0-1 सीट मिलने की संभावना जताई गई इसके अलावा माइंड ब्रिक ने आप को 44-49 सीट के अनुमान के साथ सरकार बचाते दिखाया है। भाजपा को 21-25 सीट और कांग्रेस को 0-1 सीट का अनुमान लगाया गया है।

डीवी रिसर्च ने भाजपा के 36-44 सीट जीतकर सरकार में आने की संभावना जताई है। इस एग्जिट पोल में आप को 26-34 सीटें मिलती दिखाई गई हैं। वहीं कांग्रेस का खाता नहीं खुलने का अनुमान है। एसएस के एग्जिट पोल में भाजपा 38-41 सीटों का अनुमान लगाया गया है। इसमें आप को 27-30 सीटें और कांग्रेस को 1-3 सीटें मिलती दिखाई गई हैं।

**दिल्ली के लिए क्या हैं समीकरण?**

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। इनके लिए 699 उम्मीदवार मैदान में हैं। यहां 5 फरवरी 2025 को सभी सीटों पर एक ही चरण में मतदान कराया गया। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल नई दिल्ली सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

वहीं, कांग्रेस के संदीप दीक्षित और भाजपा के प्रवेश वर्मा भी इसी सीट से उम्मीदवार हैं। दूसरी तरफ मौजूदा मुख्यमंत्री आतिशी मर्लेना पिछली बार की तरह ही इस बार भी कालकाजी सीट से चुनाव लड़ रही हैं। इसी सीट पर भाजपा से उन्हें रमेश बिधूड़ी टक्कर दे रहे हैं।

2015 के विधानसभा चुनावों में छह सर्वे एजेंसियों के एग्जिट पोल में आम आदमी पार्टी को सीधा बहुमत मिलता दिखाया गया। हालांकि, किसी भी एग्जिट पोल में आप की प्रचंड जीत की संभावना नहीं दर्शाई गई थी। केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को तब पोल ऑफ पोल्स में 45 सीटें मिलती दिख रही थीं।

# ऑपरेटर घोटाला : जिनको चलाना नहीं आता कंप्यूटर, उन्हें भी बना दिया ऑपरेटर

**अधिकारियों ने अपने चहेतो को ऑपरेटर बनाकर किया उपकृत, सरकारी पैसों का बंदरबांट**

## कमिश्नर की जांच में हुआ खुलासा, कई ऑपरेटर कुर्सियां छोड़ भागे



**सिंगरौली।** नगर निगम में पाइप घोटाला, स्टोर घोटला और सिविल घोटाला की खबरें कई बार सुने होंगे लेकिन अब नगर निगम में कंप्यूटर ऑपरेटर में करोड़ों का घोटाला बताया जा रहा है। करोड़ों का घोटाला इसलिए कि कई सालों से जिम्मेदारों ने अपने चहेतों को उपकृत करने के लिए आउटसोर्सिंग कंपनी में ऐसे लोगों को कंप्यूटर ऑपरेटर बनावा दिया जिन्हें कंप्यूटर की एबीसीडी तक नहीं आती थी। इस बात का खुलासा नगर निगम कमिश्नर की जांच के दौरान सामने आई है। कमिश्नर के लगातार कार्यवाही से अधिकारियों में हड़कंप मचा है।

बता दें कि नगर निगम में आउटसोर्सिंग में दो दर्जन के करीब ऐसे लोगों को कंप्यूटर ऑपरेटर में नियुक्ति दी गई है जिन्हें कंप्यूटर की बेसिक जानकारी भी नहीं है। नगर निगम कमिश्नर के निरीक्षण में इसका खुलासा होने के बाद जिम्मेदारों की जमकर क्लास ली। कमिश्नर ने रियलिटी चेक करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर का टेस्ट लेना शुरू किया तो 13 लोग ऐसे मिले जिन्हें कंप्यूटर बिल्कुल भी नहीं आता था। वहीं नगर निगम में कंप्यूटर ऑपरेटरो की भर्ती को लेकर पूछा कि इन्हें किन अधिकारियों ने कंप्यूटर ऑपरेटर पर नियुक्ति दी है। इन्हें किस काम के लिए भुगतान किया जा रहा था इसका भी जवाब मांगा है। वहीं अधिकारियों को फटकार लगाते हुए व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए 15 दिन के भीतर तेरह कंप्यूटर ऑपरेटर को योग्यता साबित करने का समय दिया गया है यदि उन्हें कंप्यूटर नहीं आता तो उन्हें पद से हटाया जाए या फिर दूसरे काम लिए जाएं । चर्चा है कि नगर निगम में सभी अधिकारियों के चार से पांच लोगों को कंप्यूटर ऑपरेटर बनाया गया है। ऐसे में सवाल यह है कि जब कंप्यूटर चलाना ही नहीं आता तो वह कर्मचारी काम क्या करता होगा। वहीं कई ऐसे ऑपरेटर थे जो टेस्ट का नाम सुन कर भाग खड़े हुए। कमिश्नर ने कहा कि लगातार गुणवत्ता सुनिश्चित करने और धरातल पर उनके सकारात्मक प्रभाव को बढ़ाने के लिए प्रयास किया जा रहे हैं।

### टेस्ट का नाम सुनकर भागे ऑपरेटर

बताया जा रहा है कि कमिश्नर डीके शर्मा को शिकायत मिल रही थी कि कई ऐसे ऑपरेटर हैं जो बिना काम के सैलरी ले रहे हैं। वास्तविकता जानने के लिए वह कंप्यूटर ऑपरेटर के काम के बारे में जानने ऑपरेटर के पास पहुंच गए। लेकिन कंप्यूटर ऑपरेटर कंप्यूटर चलाने के बजाय बैठे नजर आए ऐसे में उन्हें शंका हुई और उन्हें लगा कि यह भले ऑपरेटर है लेकिन इन्हें काम नहीं आ रहा। कमिश्नर ने जब ऑपरेटर से कंप्यूटर की बेसिक जानकारी पूछी तो नहीं बता पाए। यह सब देखकर वह हैरान रह गए। वह एक-एक करके कई ऑपरेटर से कंप्यूटर की जानकारी ली। जिसमें 13 ऐसे कंप्यूटर ऑपरेटर मिले जिन्हें कंप्यूटर चलाना नहीं आता था। वहीं इस दौरान कई ऐसे कंप्यूटर ऑपरेटर थे जो टेस्ट का नाम सुनकर ही भाग खड़े हुए। ऐसे में चर्चा है कि जो कंप्यूटर ऑपरेटर टेस्ट से बचने के लिए भागने उन्हें कंप्यूटर की एबीसीडी तक नहीं आती होगी। इसीलिए वह भागने में ही भलाई समझें।

### करोड़ों का हुआ भ्रष्टाचार

नगर निगम में आउटसोर्सिंग में करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार का खुलासा हुआ है। इस बार नगर निगम कमिश्नर ने कंप्यूटर ऑपरेटरों की भर्ती में गड़बड़ी बेपर्दा किया हैं। कंप्यूटर ऑपरेटर के काम की समीक्षा करते हुए पाया कि आउटसोर्सिंग से रखे गए कंप्यूटर ऑपरेटर ऐसे हैं जिन्हें ठीक से कंप्यूटर चलाना नहीं आता है यह कर्मचारी कई सालो से निगम मे कार्य कर रहे है लेकिन सवाल यह है कि आखिर निगम में ऐसे लोगों को कंप्यूटर ऑपरेटर क्यों रखा गया जिन्हें कंप्यूटर चलाना नहीं आता। वही सवाल है कि आउटसोर्सिंग कंपनी को इन ऑपरेटर को रखने के लिए कौन मजबूर किया, बिना काम कराएं इनका भुगतान कैसे हो रहा है, किस अधिकारी के कितने लोग लगे हुए हैं, क्या अधिकारियों का भी इसमें कमीशन है, जैसे कई सवाल खड़े हो रहे हैं।

### इनका कहना है

*जांच के दौरान 13 ऐसे कंप्यूटर ऑपरेटर मिले जिन्हें कंप्यूटर नहीं आता। 15 दिन का समय दिया गया है यदि सुधार नहीं होता तो उन्हें अन्य कामों में लगाया जाएगा।*

**डीके शर्मा, कमिश्नर नगर पालिक निगम सिंगरौली**

# हिर्रवाह में बनकर तैयार हुआ नव निर्मित सीएम राईज विद्यालय भवन

## विधायक एवं कलेक्टर ने मौका मुआयना कर दिए आवश्यक निर्देश

**सिंगरौली**



हिर्रवाह में 33 करोड़ 20 लाख की लागत से निर्मित सीएम राईज विद्यालय भवन बनकर तैयार हुआ है। अगले संत्र में विद्यालय की कक्षांए नवीन भवन में संचालित होगी। नव निर्मित विद्यालय भवन का आज सिंगरौली विधानसभा के विधायक रामनिवास शाह एवं कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। तथा मौके पर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

विदित हो कि इस सर्व सुविधायुक्त सीएम राईज विद्यालय भवन का निर्माण 5 एकड़ की भूमि पर किया गया है। विद्यालय भवन में 49 कक्षो का निर्माण कराया गया है जिसमें प्राचार्य कक्ष, उप प्रचार्य कक्ष, लायब्रेरी, किचन, डायनिंग हाल के साथ साथ केमेस्ट्री, बायो, कम्प्युटर लैब, स्टाफ रूम, ड्रईग, डांस रूम , मल्टीपरपज हाल का निर्माण कराया गया है। साथ ही सभी कक्षो में इंटरनेट, सीसीटीव्हीही कैमरे लगाए गए है। वही छात्रो के बैठने के लिए उच्च क्वाल्टी के फर्निचर की व्यवस्था के साथ साथ विद्यालय में छात्र छात्राओं के आने जाने के लिए बसो की व्यवस्था की गई है। वही विद्यालय के चारो ओर वृक्षा रोपण भी कराया गया है। सीएम राईज विद्यालय में सिंगरौली जिले में संचालित अन्य प्राईवेट विद्यालयों मे से तुलनात्मक रूप से बेहतर सुविधा उपलंब्ध है तथा इन विद्यालयों में पठन पाठन से विद्यार्थियो को नि:शुल्क बेहतर शिक्षा प्राप्त होगी। विद्यालय भवन का निरीक्षण करने के पश्चात कलेक्टर श्री शुक्ला ने निर्माण एजेंसी लोक निर्माण भवन के कार्यपालन यंत्री को निर्देश दिए कि विद्यालय भवन में यदि कही कोई कमी दिख रही है तो उन्हे समय पर दूर करे ताकि अगले सत्र से विद्यालय का संचालन इस नवीन भवन से शुरू कराया जा सके। वही विधायक सिंगरौली के द्वारा छात्रावास का निर्माण कराये जाने की पहल की गई। जिसके संबंध कलेक्टर के द्वारा भूमि चयन करने हेतु निर्देश दिया गया।

# अटल जी के जन शताब्दी वर्ष पर भाजपा करेगी विभिन्न कार्यक्रम



**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी के पितृ पुरुष एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी अवसर भर भारतीय जनता पार्टी विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। अटल जी के जीवन के महत्वपूर्ण बिंदुओं तथा उनके नेतृत्व एवं कृतित्व के महान संकलनों को भारतीय जनता पार्टी संजो रही है। जले के अंतर्गत निवासरत कोई भी विभूति अगर अपने जीवन काल में अटल जी को आत्मसात किया हो तो भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनसे संपर्क कर उनकी स्मृति का संकलन कर रहे हैं तथा यदि उनके पास अटल जी के साथ कोई तस्वीर अथवा उनसे जुड़ी यादगार है तो उसका संकलन कर प्रदेश कार्यालय भेजा जाएगा।

जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने कहा कि हमारे गौरव और हमारे पितृ पुरुष श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियों की प्रदर्शनी जो प्रदेश कार्यालय में लगाई जायेगी जिसके लिए 1 फरवरी से 14 फरवरी तक जिले में विशेष अभियान के तहत अटल जी की स्मृतियों को खोजने का काम हमारे कार्यकर्ता कर रहे हैं तथा जिले भर में ऐसे लोगों की तलाश कर रहे हैं जिन्हें अपने जीवनकाल में कभी भी अटल जी का सानिध्य प्राप्त हुआ तथा उनसे जुड़ी कोई स्मृति उनके पास है तो उन्हें सम्मानित कर उसका विवरण प्रदेश भेजा जायेगा तथा उस प्रदर्शिनी में उन स्मृतियों को रखा जायेगा।

# अवैध रुप से रेत उत्खनन कर परिवहन करते ट्रेक्टर ट्राली जप्त



**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के द्वारा अवैध खनिज परिवहन उत्खनन के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश प्राप्त होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा व एसडीओपी देवसर राहुल कुमार सैयाम के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक जितेन्द्र सिंह भदौरिया थाना प्रभारी सरई के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध रूप से खनिज सम्पदा रेत चोरी कर परिवहन करते ट्रेक्टर के विरूद्ध कार्यवाही की गई। जानकारी मे बताया गया कि रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक लाल रंग का मैसी फर्ग्यूसन कंपनी का ट्रैक्टर ट्राली मे झुण्डिहवा नाला से अवैध रेत लोड कर झुण्डिहवा तरफ जा रहा है सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना किया गया। ग्राम झुण्डिहबा तिराहा के पास मेन रोड पर एक लाल रंग का ट्रेक्टर मय ट्राली के रेत भर रोड से आता हुआ दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रोका गया। चालक से नाम पूछा गया तो अपना नाम पुष्पराज सिंह पिता छोटकऊ सिंह गोड उम्र 27 वर्ष निवासी ग्रम बाघाडीह थाना बरगवां का होना बताया मौके पर आरोपी चालक से ट्रैक्टर की ट्राली में लोड रेत के परिवहन संबंधी दस्तावेज मागे गये जो नही होना बताया मौके पर चालक पुष्पराज सिहं के कब्जे से ट्रेक्टर मय ट्रली रेत लोड जप्त कर थाना लाया गया। आरोपी चालक के विरुध्द अपराध धारा सदर पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। उक्त कार्यवाही मे सउनि कमलेश प्रजापति, प्रआर आशीष त्रिपाठी, हरिभजन सिंह, आर. रिंकू धाकड, बबलू यादव, ओमप्रकाश शर्मा, धर्मेन्द्र श्रीवास एवं कपिल बंसल की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# भाजपा कार्यालय में आयोजित हुआ सुंदरकांड



**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिंगरौली में मंगलवार की शाम सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने अपने अध्यक्षीय पदभार सम्हालने के बाद ये पहला धार्मिक आयोजन किया था जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखने को मिला। इस आयोजन में जिले के जनप्रतिनिधियों से लेकर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। सुंदरकांड के पाठ को पाठ कर्ताओं के साथ ही समस्त कार्यकर्ताओं ने गायन किया तथा भक्ति भाव में डूबते नजर आये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक रामनिवास शाह, राजेंद्र मेश्राम, जिला उपाध्यक्ष सरोज शाह, जिला मंत्री विनोद चौबे, कार्यालय मंत्री कृष्ण कुमार कुशवाहा, वरिष्ठ नेता वशिष्ठ पांडेय, एडवोकेट प्रदीप शाह, रविन्द्र चतुर्वेदी, कमलेश वैश्य, मृत्युंजय सिंह, किरण सोनी, हेमंत पांडे, आशीष शाह, अशोक शाह, शारदा शर्मा, उमेश विश्वकर्मा, सुनील सिंह, गोल्डी सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पुलिस ने महिलाओं और युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने चलाया अभियान



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देशानुसार सिंगरौली पुलिस द्वारा प्रदेशव्यापी सेफ क्लिक - सुरक्षित जीवन अभियान का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 1 फरवरी से 11 फरवरी 2025 तक चलेगा, जिसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के मार्गदर्शन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के पर्यवेक्षण में, समस्त राजपत्रित अधिकारी (पुलिस) एवं थाना व चौकी प्रभारियों द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अभियान के पांचवें दिन 5 फरवरी 2025 को सिंगरौली पुलिस द्वारा विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में महिलाओं को साइबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। इस दौरान महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सावधानियों एवं सतर्कता उपायों से अवगत कराया गया। माड़ा थाने के पुलिस चौकी बंधौरा परिसर में साइबर सेफ क्लिक अभियान के तहत साइबर अपराध और सोशल मीडिया सुरक्षा पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में सरपंच, पूर्व सरपंच एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इसी तरह थाना नवानगर डीपीएस स्कूल निगाही में सेफ क्लिक साइबर जागरुकता अभियान के तहत ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। थाना विंध्यनगर थाना परिसर में आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी साझा की गई।

## सीमांकन में लापरवाही बरतने पर राजस्व निरीक्षक को कलेक्टर ने किया निलंबित

**सिंगरौली।** जिले के राजस्व मंण्डल खुटार में तैनात राजस्व निरीक्षक राजपति सिंह को कार्य मे लापरवाही बरतने पर मप्र सिविल सेवा (आचरण अधिनियम) 1965 के नियम 3 के तहत आपेक्षित आचरण के प्रतिकूल मानते हुये कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित राजस्व निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विदित हो कि कलेक्टर के पास शिकायतकर्ता मिथिला प्रसाद शर्मा ग्राम करहिया तहसील सिंगरौली द्वारा इस आशय की शिकायत की गई कि ग्राम करहिया स्थित आराजी खसरा क्रमा 68 एवं 69 के कब्जे के संबंध में विवाद है।

# गाँजे के लहलहाते पेड़ों के साथ आरोपी गिरफ्तार, मोरवा पुलिस ने की कार्यवाही

**सिंगरौली।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री द्वारा नशे के विरुद्ध चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान ऑपरेशन प्रहार के तहत बुधवार को मोरवा पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम खि़रवा से एक व्यक्ति को गाँजे की खेती करते पड़ा है। पुलिस को उसके खेत से करीब 5-5 फीट के तीन लहलहाते गांजे के पेड़ बरामद हुए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोरवा पुलिस को कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक व्यक्ति खि़रवा क्षेत्र में अपने घर के समीप बने सब्जी के खेत में गांजे के पेड़ों को लगा रखा है। जिसके बाद अतरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा व एसडीओपी कृष्ण कुमार पांडे के मार्गदर्शन में मोरवा निरीक्षक यूपी सिंह ने टीम भेजकर मामले की तस्दीक की। जहां खि़रवा के केवल पहाड़ी अंतर्गत कुआरी टोला में रोशन लाल विश्वकर्मा पिता बिरंचि लाल विश्वकर्मा उम्र 56 वर्ष के द्वारा घर के समीप उसके सब्जी के खेत में पुलिस को गांजे के लहलहाते तीन पेड़ मिले। पुलिस के अनुसार तीनों पेड़ों का वजन 550 ग्राम था, जिसकी कीमत करीब 5500 रुपये आकि गई है। पेड़ों को जप्त करते हुए अपराध क्रमांक 74/25 एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 (ए) के तहत मामला पंजीबद्ध कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक संजीत सिंह, संतोष सिंह, आरक्षक कमलेश तिवारी, दशरथ, मंगलेश्वर एवं सर्वेश समेत सैनिक रामसिया विष्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।

# हिंडाल्को महान में चार कर्मियों को दी गई गरिमामयी विदाई

**सिंगरौली।** हिंडाल्को महान में चार वरिष्ठ कर्मियों के सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें कंपनी के शीर्ष प्रबंधन ने उनके उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। इस अवसर पर इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ, मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा, स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार, पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक, वित्त प्रमुख सुशांत नायक, सुरक्षा प्रमुख कर्नल गौरव चतुर्वेदी, एवं पॉट रूम प्रमुख गौरव वर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।समारोह की शुरुआत केक काटकर की गई, जिसके बाद सभी अधिकारियों और सहकर्मियों ने शशिकांत द्विवेदी (पॉट रूम रेडक्सन), जय प्रकाश सिंह (सी.टी.एस. इंफ्रास्ट्रक्चर), अशोक कुमार (सुरक्षा एवं ट्रांसपोर्ट विभाग), और अंजेश कुमार (राख प्रबंधन विभाग) के प्रति अपने विचार साझा किए और उनके योगदान को याद किया।इकाई प्रमुख एस. सेन्थिलनाथ ने कहा आज हम अपने चार वरिष्ठ साथियों को विदाई दे रहे हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, निष्ठा और समर्पण से हिंडाल्को महान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका कार्य और योगदान हमेशा हमारे लिए प्रेरणास्रोत रहेगा।मानव संसाधन प्रमुख डॉ. विवेकानंद मिश्रा ने कहा एक संगठन की सफलता उसके लोगों पर निर्भर करती है, और हमारे ये चार सहयोगी इसके उत्कृष्ट उदाहरण हैं। इन्होंने अपने अनुभव और मेहनत से न केवल संस्थान को आगे बढ़ाया बल्कि अपने सहकर्मियों को भी प्रेरित किया।

स्मेल्टर हेड एस. शशि कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा संस्थान में कुछ लोग सिर्फ काम करने आते हैं, लेकिन कुछ लोग इसे अपने परिवार की तरह मानते हैं और अपना सर्वस्व अर्पित करते हैं। पावर प्लांट हेड प्रांजल पाठक ने कहा सेवानिवृत्ति एक नई यात्रा की शुरुआत है। इन चारों कर्मियों ने जिस समर्पण और कार्यकुशलता से अपनी जिम्मेदारियों को निभाया, वह सराहनीय है। हमें गर्व है कि हमने इतने योग्य सहकर्मियों के साथ कार्य किया।कार्यक्रम के अंत में चारों सेवानिवृत्त वरिष्ठ कर्मियों को श्रीफल, शाल, और स्मृति उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इस भावनात्मक समारोह का सफल संचालन श्वेता सिंह और अर्चना ने किया, जबकि आयोजन की सफलता में सुशांत गुप्ता और मोहित शुक्ला का अहम योगदान रहा।

**कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक**
**जिला चिकित्सालय बैढ़न**
**जिला सिंगरौली ( मध्यप्रदेश )**

दूरभाष नं. 07806-292434 ई-मेल cssingrauli@gmail.com
क्रमांक/सि.स./भण्डार शाखा/2025/822 सिंगरौली दिनांक 05.02.25

**निविदा आमंत्रण**

जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण/फर्नीचर एवं अन्य हास्पिटल सामग्री जो जहां है जैसी स्थिति में है के बोली के माध्यम से नीलामी हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है निविदा सामग्री का विस्तृत विवरण एवं अवलोकन जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली के भण्डार शाखा में किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र भण्डार शाखा से निर्धारित भुगतान दर से 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | निविदा का विषय | निविदा प्रारूप प्राप्त करने का आरंभ दिनांक/समय | निविदा जमा करने/खुली बोली का दिनांक/समय | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|
| 01 | जिला चिकित्सालय बैढ़न जिला सिंगरौली में अनुपयोगी उपकरण का विक्रय | 06.02.2025 के 10 बजे से | 17.02.2025 के दोपहर 03.00 बजे | ऑफ लाइन |

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक बैढ़न
जिला सिंगरौली ( म.प्र. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम सिंगरौली (म.प्र.)**

क्रमांक/7226 / राजस्व/2024 सिंगरौली दिनांक 06-01-2025

**इश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम सिंगरौली के गनियारी आवासीय योजना क्रमांक-1 वार्ड क्रमांक 41 तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. में स्थित भूखण्ड क्रमांक 182 साई 09 X 12 मीटर कुल क्षेत्रफल 108 वर्ग मीटर श्री तारेश कुमार गुप्ता पिता श्री रामलखन गुप्ता निवासी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचखोरा जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से लीज पर आवंटित किया गया था। लीज ग्रहिता के द्वारा लीज डीड के शर्तो के अधीन उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री दिलीप कुमार बंसल एवं मनोज कुमार बसंल दोनों पिता श्री मामनचन्द्र निवासी से.न.-02 नवजीवन बिहार तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने हेतु लीज डीड का पंजीयन कराया गया है। तत्पश्चात श्री दिलीप कुमार बसंल एवं मनोज कुमार बसंल पिता श्री मामनचन्द्र के द्वारा नामान्तरण के कार्यवाही हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कार्यवाही हेतु विचाराधीन है।

अत: उक्त भूखण्ड क्रमांक 181 का नामान्तरण श्री दिलीप कुमार बसंल एवं मनोज कुमार बसंल दोनों पिता श्री मामनचन्द्र निवासी से.न.-02 नवजीवन विहार तहसील व जिला सिंगरौली म.प्र. के नाम से किए जाने से यदि किसी व्यक्ति/संस्था का हक प्रभावित हो रहा हो तो इस इश्तहार जारी किए जाने के दिनांक से 15 दिवस के अन्दर निगम कार्यालय में विधिवत आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियां विधिमान्य नहीं होगी।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
सिंगरौली

# स्कूल के टॉपर को मिलेगी स्कूटी

**सीधी जिले के 196 विद्यार्थियों, 94 बालक और 102 बालिकाओं के मिलेगी उनके पसंद की स्कूटी**



**सीधी।** जिले में संचालित समस्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों में गत वर्ष 2023- 24 में कक्षा 12वीं में प्रथम स्थान पाने वाली बालिकाओं एवं बालकों को नि:शुल्क स्कूटी प्रदाय की जाएगी। इस योजना अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं पात्र हैं जो प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत संचालित शासकीय हायर सेकेंडरी शाला में नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययन कर माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं में किसी भी संकाय में समस्त संकाय को सम्मिलित कर अपनी शाला में नियमित परीक्षार्थी के रूप में प्रथम प्रयास में टॉप किया हो। इस मापदंड को पूर्ति करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी हेतु शासन द्वारा राशि प्रदाय की जाएगी। सीधी जिले के 196 विद्यार्थियों जिसमें 94 बालक और 102 बालिकाओं के उनके पसंद की स्कूटी मिलेगी।

## विद्यार्थियों को जमा करना होगा कोटेशन

अपने पसंद की स्कूटी क्रय करने के लिए विद्यार्थियों को जीएसटी पंजीकृत, टेन नंबर प्राप्त, परिवहन विभाग से पंजीकृत डीलर से निर्धारित स्पेसिफिकेशन का कोटेशन प्राप्त कर प्राचार्य को उपलब्ध कराना होगा। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थी का कोटेशन, विद्यार्थी का बैंक पासबुक, आधार नंबर और 12वीं की अंक सूची की प्रमाणित प्रति के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा करना होगा।

जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी एल मिश्रा ने इस संबंध में समस्त शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य को पत्र लिख कर निर्देशित किया है कि यह कार्यवाही समय सीमा में सुनिश्चित करें।

# रेल रोंकने पर 32 ग्रामीणों पर मामला हुआ पंजीबद्ध

**सीधी।** शंकरपुर रेलवे स्टेशन पर इंटरसिटी ट्रेन के ठहराव और ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों का संघर्ष थमने का नाम नहीं ले रहा है। रेलवे ट्रैक पर बैठकर कई बार आंदोलन कर चुके ग्रामीणों को अधिकारियों के आश्वासन पर पीछे हटना पड़ा था, लेकिन अब मामला फिर गरमा गया है।

रेलवे की आरपीएफ वरगवां टीम ने 32 ग्रामीणों को नोटिस भेजकर उनके खिलाफ मामला दर्ज करने की बात कही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने अंडरब्रिज नहीं बल्कि ओवरब्रिज की मांग की थी, जिसके लिए स्थानीय विधायक और सांसद ने भी रेलवे को पत्र भेजा था। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन जबरन अंडरब्रिज का निर्माण करा रहा है। जिससे गांव के लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों के अनुसार यह निर्माण उनकी सहमति के बिना किया जा रहा है और उनकी वास्तविक जरूरत को नजरअंदाज किया जा रहा है। रेलवे की ओर से नोटिस मिलने के बाद ग्रामीणों ने फिर से आंदोलन का ऐलान कर दिया है। वे 25 फरवरी से शंकरपुर रेलवे ट्रैक पर धरना देंगे और जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक प्रदर्शन जारी रहेगा। इतना ही नहीं 20 मार्च को जेल भरो आंदोलन की भी घोषणा की गई है। जिसमें सर्वदलीय नेताओं के समर्थन की संभावना जताई जा रही है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस मामले में क्या कदम उठाते हैं। क्या ग्रामीणों की मांग पर ओवरब्रिज बनेगा या फिर रेलवे अपनी योजना के मुताबिक अंडरब्रिज का निर्माण पूरा करेगा। फिलहाल पूरे इलाके की नजर इस घटनाक्रम पर टिकी हुई है।

इस संबंध में नवंबर में रेल रोंको आंदोलन करने वाले समाजसेवी आनंद सिंह ददुआ ने कहा कि हमने नियम के तहत अपनी मांग रखी थी। लेकिन स्थिति यह है कि हमारे एवं हमारे साथियों के साथ कार्यवाही की गई। ऐसी स्थिति में हम अब उग्र आंदोलन करने के लिए तैयार हैं।

# बम्हनी विद्यालय में संपन्न हुई संस्कृत भाषा में प्रतियोगिता



**सीधी।** शासकीय हाई स्कूल बम्हनी में 4 फरवरी को सत्र 2024-25 में पहली प्रतियोगिता का आयोजन सतीश कुमार पाण्डेय जिला संस्कृत प्रभारी एवं पूर्व प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल बम्हनी के द्वारा किया गया। जिसमें संस्कृत भाषा के महत्व पर निबंध लेखन, स्लोगन लेखन, दूरभाष वार्ता एवं महाकवि कालिदास पर चित्रकला प्रतियोगिता कराई गई। छात्रों को श्री पाण्डेय द्वारा कॉपी एवं ड्राइंग शीट प्रदान की गई। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के कुल 50 छात्रों द्वारा भाग लिया गया। छात्रों में प्रतियोगिता को लेकर काफी उत्साह रहा। प्रतियोगिता के प्रत्येक विधा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान एवं सहभागिता करने वाले छात्रों को प्रोत्साहन हेतु डॉ. प्रेमलाल मिश्र जिला शिक्षा अधिकारी सीधी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण-पत्र प्रदान किया जावेगा। श्री पाण्डेय ने बताया कि विद्यालय में हमेशा लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक पाठयोत्तर गतिविधियां होती थी एकिंतु कतिपय कारणों से सत्र 2024-25 में एक भी गतिविधियां नहीं हुई जिस कारण छात्रों की उपस्थिति वर्ष भर न्यून रही। साथ ही अध्ययन के प्रति छात्रों की रुचि नहीं थी। छात्रहित तथा गुणवत्ता युक्त शिक्षा के लिए पाठयोत्तर गतिविधियां आवश्यक हैं। इससे छात्रों की उपस्थिति एवं छात्र संख्या में भी वृद्धि होती है। इसलिए मैं हमेशा पाठ्य गतिविधि के साथ पाठयोत्तर गतिविधियों को बढ़ावा दिया। प्रतियोगिता में विद्यालय के अतिथि शिक्षक विकास शर्मा का सहयोग सराहनीय रहा।

## विद्यालयों के संचालन समय के संबंध में आदेश जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा समस्त विद्यालयों का संचालन पूर्ववत शासन द्वारा निर्धारित समय अनुसार करने के आदेश जारी किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि आदेश दिनांक 06.01.2025 द्वारा तापमान में गिरावट तथा घने कोहरे के कारण समस्त शासकीय /अशासकीय /अनुदान प्राप्त/ मान्यता प्राप्त/ सीबीएसई/ आरईएसई/ माध्यमिक शिक्षा मण्डल एवं समस्त बोर्ड से सम्बद्ध शालाओं का संचालन अग्रिम आदेश तक प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 03 बजे तक निर्धारित किया गया था। उक्त आदेश प्रतिसंहृत करते हुए उक्त समस्त विद्यालयों का संचालन पूर्ववत शासन द्वारा निर्धारित समय अनुसार करने के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

# ममता एकेडमी में मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह




**सीधी।** शहर के दक्षिण करौंदिया में संचालित विद्यालय द ममता एकेडमी सीधी में गत दिवस वार्षिकोत्सव समारोह मनाया गया। जिसकी थीम गूंज रखी गई, कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सीधी श्रीमती मंजू रामजी सिंह, विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य इंद्रशरण सिंह, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष इंजी. आरबी सिंह, विद्यालय के संरक्षक एसपी तिवारी व विद्यालय के संचालक रवि तिवारी के साथ-साथ विभिन्न विद्यालयों से आए हुए स्कूल संचालक ने संयुक रूप से द्वीप प्रज्वलन कर सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने मनमोहिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान विशेष तौर पर अपने विद्यालय के सभी शिक्षक/ शिक्षिकाओं में प्रधानाचार्य प्रिंस मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर मोनिका पाण्डेय, शिक्षक राम सिंह, अभिषेक पाठक, विवेक तिवारी, प्रतिमा तिवारी, किरण शुक्ला, अनुराधा त्रिपाठी, खुशबू तिवारी, विमल शुक्ला, शिवानी मिश्रा, आकांक्षा शुक्ला को भी धन्यवाद ज्ञापित किया जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

# बस ऑनर्स ने यातायात प्रभारी के खिलाफ खोला मोर्चा

**नियम विरुद्ध चालान काटने से खपा हैं बस मालिक**

**सीधी।** शहर में यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी द्वारा बस मालिकों के खिलाफ लगातार कार्यवाही कर रही हैं। बसों का चलान कार्यवाही करने को लेकर बस ऑनर्स विरोध करना शुरू कर दिए हैं। बसों को निर्धारित स्थान में खड़े होने सहित अन्य मामलों में चालानी कार्यवाही होने से नाराजगी भी बनी हुई है।

मालूम हो कि आए दिन यातायात प्रभारी बस मालिकों को ही टारगेट बनाती हैं। उनके द्वारा सम्राट चौक के आगे बसें जो खड़ी होती हैं उन पर दबाव बनाना शुरू करती हैं एवं उन पर चालानी कार्यवाही करती हैं। इस मामले में शिकायतें भी लगातार सामने आ रही है। ऐसे में एकतरफा कार्यवाही करना कितना उचित है। जबकि शहर में सडकों के किनारे व्हीआईपी वाहन खड़े होते हैं उन पर यातायात प्रभारी की नजर नहीं होती। कारण यह कि उन पर चालानी कार्यवाही करेंगे तो पुलिस का भी दिक्कतें होंगी। जिस वजह से इस मामले में पुलिस कोई पहल नहीं करती। सिर्फ बस चालकों एवं ऑटो चालकों तक ही चालानी कार्यवाही करने के लिए काम कर रही हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में ऑटो चालक बसों के आगे-पीछे 15 से 20 लोगों की सवारी लेकर चलते हैं उस पर भी कोई पहल नहीं होती।

## नियम विरुद्ध कार्यवाही करना कितना उचित: हनुमान

इस मामले में शिवम ट्रेवल्स बस संचालक हनुमान प्रसाद द्विवेदी ने कहा कि हमारी बस गत दिवस सम्राट चौक के आगे नाली की पटरी के बाहर खड़ी थी। इस बाद भी यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी द्वारा 500 रुपए का चालान किया गया। जबकि उसी समय चालक तत्काल बस भी हटाना शुरू किया लेकिन एक भी नहीं सुनी गई। जबकि वहां कोई आवागवन बाधित नहीं हो रहा था इस पर भी प्रभारी द्वारा चालानी कार्यवाही की गई।

## नियम के तहत हो रही है कार्यवाही: रीता

इस संबंध में यातायात प्रभारी रीता त्रिपाठी ने कहा कि हम नियम के तहत कार्यवाही कर रहे हैं। यदि इस तरह की कोई शिकायतें हैं तो आप जानकारी भेजिए। उन्होने कहा कि नया बस स्टैंड में बसों को खड़ा करने के लिए आदेश जारी किया गया है। सम्राट चौराहा या आसपास बसों को खड़ा करने की कोई परमिट नहीं है। जो नियम के विरुद्ध बसें खड़ी करते हैं उन पर चालानी कार्यवाही की जाएगी।

# रबी उपार्जन के रकबा एवं फसल सत्यापन के निर्देश जारी

**सीधी।** रबी विपणन 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसान पंजीयन एवं उपार्जन प्रक्रिया हेतु पंजीयन नीति 2025-26 में 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक पंजीयन की अवधि निर्धारित की गई है। जारी नीति के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर निर्धारित श्रेणियों के कृषकों के रकबा एवं फसल का सत्यापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, नायब तहसीलदार द्वारा किया जावेगा।

पंजीयन में किसान द्वारा उल्लेखित फसल/रकबा एवं गिरदावरी में दर्ज फसल/रकबा में भिन्नता, विगत वर्ष के पंजीयन से 50 प्रतिशत अधिक रकबा वाले, किन्तु 5 हेक्टेयर से अधिक पंजीकृत किसान, 05 हेक्टेयर से अधिक रकबा वाले किसान, सिकमी/ बटाईदार/ कोटवार/ वनपट्टाधारी किसान एवं वनपट्टाधारी किसानों के रकबे, फसल एवं फसल की किस्म का सत्यापन वन विभाग के अमले द्वारा कराया जावेगा, जिसकी प्रविष्टि डीएम एमपीएससीएससी लॉगिन से की जावेगी।

कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (वन) एवं तहसीलदार/नायब तहसीलदार को निर्देशित किया है कि किसान पंजीयन का सत्यापन समय-सीमा में कराना सुनिश्चित करें।

# ग्रेस स्कूल में हुआ सरस्वती पूजन का कार्यक्रम

**सीधी।** जिले के साउथ जोगीपुर स्थित ग्रेस इंटरनेशनल स्कूल में सोमवार को बसंत पंचमी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पट्टी पूजन भी करवाया गया बच्चों से मंत्र का उच्चारण करवाते हुए पट्टी पर उं भू भुरव स्व: लिखवाया गया। बसंत पंचमी के अवसर पर स्कूल के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने पीले रंग के वस्त्र पहने हुए थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहार एवं प्रधानाचार्या श्रीमती ऋचा झा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने



बसंत पंचमी पर आधारित विभिन्न तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम, सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। स्कूल प्रबंधक धरम विजय सिंह परिहार ने कहा कि आज के दिन मां सरस्वती की विशेष पूजा करनी चाहिए इससे हमारी बुद्धि निर्मल होती है और सकारात्मक सोच का विकास होता है। वहीं प्रधानाचार्या श्रीमती झा ने बसंत पंचमी के महत्व को बताते हुए कहा कि आज के दिन को ऋतुराज बसंत का आगमन माना जाता है और बसंत ऋतु को सभी ऋतुओं का राजा कहा जाता है। इस दौरान समस्त शिक्षक-गण संजय त्रिपाठी, संध्या तिवारी प्रियंकी श्रीवास्तव, समता चतुर्वेदी, अनुष्का गौतम, अभिषेक भारती, दीक्षा केवट, पुष्पराज सिंह सोलंकी, आकाश झा अरुण तमग, प्रकाश पटेल उपस्थित रहे।

# लीनस क्लब द्वारा टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरित



**सीधी।** जिला क्षय अधिकारी डॉ हिमेश पाठक ने बताया कि लीनस क्लब कामाख्या द्वारा जिला क्षय केंद्र सीधी में 10 टीबी मरीजों को निश्चय मित्र बनकर पोषण आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में डॉ सुनीता तिवारी, डॉ बीना मिश्रा, डॉ रंजना मिश्रा, श्रीमती अंजू शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

डॉ पाठक ने लीनस क्लब कामाख्या के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पोषण आहार टीबी मरीजों के लिए बहुत उपयोगी होगा। इस दौरान डब्लूएचओ कंसलटेंट डॉ दिव्यांशु शुक्ला, एनटीईपी स्टाफ, पीपीएसए टीम लीडर एवं समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के सहयोगी संगठनों का शुरू हुआ जमावड़ा

**सीधी।** सीधी मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा महासंघ जिला इकाई सीधी के अध्यक्ष चित्र सेन गौतम के द्वारा बताया गया कि मोर्चे के सहयोगी संगठनों का लगातार जमावड़ा बढ़ता जा रहा है प्रांतीय स्तर पर शामिल 20 मान्यता प्राप्त तथा 33 गैर मान्यता प्राप्त संगठनों का जिला स्तर पर भी शामिल होने की सूचना मोबाइल पर प्राप्त हो रही है प्रांतीय निकाय द्वारा निर्धारित चार चरणों में से तीसरा चरण दिनांक 7 फरवरी 2025 को लंच अवधि में धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी के साथ श्रीमान कलेक्टर महोदय सीधी के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं श्रीमान मुख्य सचिव महोदय मध्य प्रदेश शासन भोपाल को ज्ञापन दिया जाएगा अब तक जितने सहयोगी संगठनों का जमावड़ा हुआ है उनका नाम उमेश कुमार मिश्रा न्यायालय कर्मचारी संघ मोहन चंद्र गौतम संभागीय अध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस कृपा शंकर मिश्रा अध्यक्ष शिक्षक कांग्रेस सुखेंद्र सिंह अध्यक्ष राज्य शिक्षक संघ रामसखा गौतम अध्यक्ष राजपत्रित अधिकारी संघ श्रीमती ममता राय अध्यक्ष वित्त अधिकारी संघ मंगला प्रसाद द्विवेदी अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संघ महेंद्र शुक्ला अध्यक्ष प्राचार्य मंच संघ नोखे लाल तिवारी प्रदेश कार्य समिति अतिथि शिक्षक संघ राजेश पटेल अध्यक्ष शिक्षक संघ अजय प्रताप सिंह अध्यक्ष सचिव संघ सुनील सिंह अध्यक्ष पटवारी संघ अरुण सिंह अध्यक्ष सामान्य अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ अरुण बहेलिया अध्यक्ष पशु चिकित्सक संघ अरुण द्विवेदी अध्यक्ष डिप्लोमा इंजीनियर संघ अरुण सिंह कार्यकारी अध्यक्ष मध्य प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ राकेश जयसवाल संभागीय अध्यक्ष अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याण संघ श्रीराम सोनी अध्यक्ष अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग संघ प्रशांत जायसवाल अध्यक्ष प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेश्वरी तिवारी प्रांत अध्यक्ष प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ दयाशंकर त्रिपाठी अध्यक्ष तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ निलेश शर्मा अध्यक्ष राज्य प्रशासनिक सेवा संघ श्रीमती जानवी शुक्ला अध्यक्ष तहसीलदार संघ रानी द्विवेदी अध्यक्ष आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संघ शिवानंद शुक्ला अध्यक्ष आंगनवाड़ी सुपरवाइजर संघ राजबहोर पाठक अध्यक्ष शिक्षक संघ श्रवण कुमार मिश्रा अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ सुनील शुक्ला संभागीय अध्यक्ष लघु वेतन कर्मचारी संघ राम प्रताप सिंह अध्यक्ष रोजगार सहायक संघ शंभू नाथ त्रिपाठी अध्यक्ष प्राचार्य संघ श्रीमती शांति बंसल अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ सीताराम जायसवाल अध्यक्ष स्थाई कर्मी संघ त्रिवेणी कोल अध्यक्ष पेंशन अधिकारी संघ विनय मिश्रा अध्यक्ष कर्मचारी कांग्रेस नंदकुमार मिश्रा अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन संघ आदि है मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा महासंघ जिला इकाई सीधी के संरक्षक उपेंद्र सिंह प्रांत अध्यक्ष मध्य प्रदेश पटवारी संघ के द्वारा सभी सहयोगी संगठनों के जिला अध्यक्षों से अधिक से अधिक संख्या में पदाधिकारी सदस्य को शामिल कर दिनांक 7 फरवरी 2025 को लंच के समय धरना प्रदर्शन एवं ज्ञापन कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## पुलिस नें नाबालिक किशोरी को गुजरात से किया दस्तयाब

**सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी चुरहट आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी चुरहट के नेतृत्व मे चौकी प्रभारी बम्हनी उप निरीक्षक विकास सिंह व टीम नें नाबालिक किशोरी को ढूंढकर परिजनों को सुपुर्द किया। चौकी बम्हनी मे विगत माह मे एक परिजन नें रिपोर्ट किया कि उनकी नाबालिक पुत्री घर से गायब है। रिश्तेदारी नातेदारी मे पता किया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। मामला गंभीर होने के कारण चौकी प्रभारी बम्हनी नें वरिष्ठ अधिकारीयों को सूचित करते हुए उनके निर्देशन में मामला पंजीबद्ध कर तुरंत टीम गठित कर किशोरी के पता तलाश हेतु रवाना किया जो लापता किशोरी को गुजरात से ढूंढकर चौकी लाई। तत्पश्चात वैधानिक कार्रवाई के उपरांत किशोरी को परिजनो को सुपुर्द कर दिया गया है। उपरोक्त समस्त कार्रवाई मे चौकी प्रभारी उप निरी विकास सिंह, प्रधान आरक्षक सूर्यभान, आरक्षक सुशील तथा साइबर सेल सीधी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# देश की सेवा के बाद सोनवर्षा के लाल का हुआ घोघरा मंदिर में भव्य स्वागत

**सिहावल**

जनपद सिहावल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजी सोनवर्षा निवासी प्रमोद द्विवेदी उर्फ मिंटू पिता स्व. भूपनारायण द्विवेदी उम्र 37 वर्ष जो फौज की नौकरी कर आज रिटायर हुए हैं। रिटायर होने पर गांव के समस्त युवा और वरिष्ठ नागरिक घोघरा मंदिर गेट में सैकड़ो युवा स्वागत के लिए आतुर थे। सोन नदी में स्नान कर मां चंद्रिका देवी का दर्शन कर मिठाइयां बांटी गई और लोगों ने स्वागत कर माला पहनाकर सम्मान किया। उन्होंने अपनी सेवाएं गया बिहार, फैजाबाद उत्तर प्रदेश, बैंगलोर कर्नाटक कई जगह दी। देश भक्ति गानों के साथ घोघरा मंदिर से सोनवर्षा के लिए रवाना हुए। कार्यक्रम में विपिन गुप्ता, नितेश द्विवेदी, बाबा द्विवेदी,



संरक्षक पदमनाथ द्विवेदी, रिटायर शिक्षक गिरीश द्विवेदी, मंडल उपाध्यक्ष गणेश द्विवेदी, सकर्षण द्विवेदी, पुल्लू सिंह अमिलिया, बाबा द्विवेदी, रिंकू द्विवेदी, शिवम गुप्ता, विपिन गुप्ता, पंडित गुप्ता, आलोक द्विवेदी, कृष्णानंद मिश्रा, शिवांशु गुप्ता, प्रिंस गुप्ता, विकास गुप्ता, चमन लाल गुप्ता, रोहित द्विवेदी, हजारी गुप्ता, बाबा हेमनारायण गुप्ता, विजय सिंह कोटेदार तेंदुआ, अभिमन्यु द्विवेदी, विनीत द्विवेदी, शिवकुमार तिवारी, रिंकू द्विवेदी, शिव शंकर मिश्रा सोनबरसा आदि लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अमानतुल्लाह खान पर हुए एफआईआर, समय सीमा खत्म होने के बाद भी कर रहे थे प्रचार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्लाह खान के खिलाफ एफआईआर की गई है। वो समय सीमा खत्म होने के बाद भी प्रचार कर रहे थे। निर्वाचन आयोग के नियम के मुताबिक मतदान की तारीख से 48घंटे पहले प्रचार खत्म हो जाता है। ऐसे में दिल्ली में प्रचार तीन फरवरी को शाम छह बजे खत्म हो गया था। तीन फरवरी छह बजे के बाद प्रचार करने पर रोक थी। आचार संहिता के नियमों का उल्लंघन करते हुए आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्लाह खान प्रचार कर रहे थे। ऐसे में अब ओखला से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान पर एफआईआर की गई है। पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में ये एफआईआर की है। आप नेता पर आरोप है को तीन फरवरी को प्रचार की समय सीमा खत्म होने के बाद भी उन्होंने प्रचार किया था।

### बीड जिला योजना समिति के खिलाफ जांच के लिए पैनल गठित, अजित पवार ने दिया आदेश

**बीड, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने मंगलवार को बीड जिला योजना समिति द्वारा 877 करोड़ रुपये के आवंटन में कथित विसंगतियों की जांच के लिए तीन सदस्यीय जांच पैनल का गठन किया, जब उनके कैबिनेट सहयोगी धनंजय मुंडे संरक्षक मंत्री थे। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक से पहले, बीड में एक सरपंच की हत्या को लेकर विपक्ष के निशाने पर रहे मुंडे ने राकांपा प्रमुख अजीत पवार से मुलाकात की। हालाँकि, बैठक का विवरण उपलब्ध नहीं था। पैनल की जांच में 2023-24 और 2024-25 के लिए जिला योजना समिति के तहत परियोजनाओं के लिए दी गई प्रशासनिक मंजूरी शामिल होगी, जब बीड के एक प्रमुख राकांपा नेता मुंडे संरक्षक मंत्री थे। पवार के करीबी सूत्रों के अनुसार, समिति 2023-24 और 2024-25 में सभी स्वीकृत कार्यों की समीक्षा करेगी और उनकी तकनीकी मंजूरी, प्रारंभ आदेश और धन आवंटन की जांच करेगी। कुछ दिन पहले भाजपा विधायक सुरेश धस द्वारा मुंडे के खिलाफ आरोप लगाए जाने के बाद पैनल गठित करने का निर्णय लिया गया है और पवार ने मामले में गहन जांच का आश्वासन दिया था। सूत्रों ने कहा कि जांच समिति बीड जिला कलेक्टर कार्यालय में बुलाई गई है और पिछले दो वर्षों में किए गए सभी कार्यों का रिकॉर्ड मांगा है। एक्स पर एक पोस्ट में कार्यकर्ता अंजलि दमानिया ने कहा कि धाराशिव के डिप्टी कलेक्टर संतोष भोर समिति की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें अर्थशास्त्र और सांख्यिकी निदेशालय के अतिरिक्त निदेशक एमके भांगे और जालना जिला योजना अधिकारी सुनील सूर्यवंशी शामिल होंगे।

### प्रधानमंत्री ने नहीं दिया एक भी सवाल का जवाब, चुनावी स्पीच दी: विपक्ष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद में मंगलवार को प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए भाषण को लेकर राजनीति शुरू हो गई है। कांग्रेस सहित कई विपक्षी पार्टियों ने इस भाषण को 'चुनावी भाषण' का नाम दिया है। विपक्ष ने आरोप लगाए हैं कि पीएम मोदी ने विपक्ष द्वारा उठाए गए किसी सवाल का जवाब नहीं दिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में हिस्सा लिया। इस दौरान सदन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए विपक्षी पार्टियों पर निशाना भी साधा। पीएम के संबोधन के बाद कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने संसद परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उनके भाषण से ऐसा प्रतीत हुआ कि प्रधानमंत्री मोदी जनता और उनकी जरूरतों से कट चुके हैं। वही कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, ''मुझे प्रधानमंत्री के भाषण से हैरानी हुई क्योंकि यह एक चुनावी भाषण था। कल दिल्ली में चुनाव है। उन्होंने सरकार के कामों की सूची बताई है। हम सभी जानते हैं कि विपक्ष ने कई आलोचनाएं की थीं, लेकिन प्रधानमंत्री ने इनका जवाब नहीं दिया।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को राजनीतिक टिप्पणी से बचना चाहिए था क्योंकि यह राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा थी। इस बीच समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के दौरान महाकुंभ की भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख भी नहीं जताया, जो अफसोस की बात है। उन्होंने कहा, ''बहुत अफसोस की बात है कि कुंभ में इतनी बड़ी घटना घट गई। सरकार पहले मरने वालों के आंकड़े छिपा रही थी। आज शोक भी नहीं जताया गया।'' अखिलेश यादव ने आगे कहा, ''इस बात की चिंता है कि देश खिलौने बनाएगा, लेकिन इतने लोगों की जान गई फिर भी कोई दुख नहीं जताया गया।

# सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद नहीं थम रहीं सीवर में मौतें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश से लेकर राजस्थान और राजधानी दिल्ली तक से अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रही हैं.बीते सप्ताह कोलकाता में तीन मजदूरों की मौत इसकी ताजा कड़ी हैसुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बावजूद देश में सीवरों की मैनुअल सफाई के दौरान होने वाली मौतों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है.हाल ही में देश के सर्वोच्च न्यायालय ने छह शहरों - दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु और हैदराबाद - में सीवरों की मैनुअल सफाई और सिर पर मैला ढोने की प्रथा पर पाबंदी लगा दी थी और सरकार से 13 फरवरी तक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया था.लेकिन उसके महज तीन दिनों बाद ही कोलकाता की घटना ने सरकार की इच्छाशक्ति पर सवाल खड़ा कर दिया है.केंद्र सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2019 से 2023 यानी पांच वर्षों के दौरान देश में ऐसी घटनाओं में 377 मजदूरों की मौत हुई थी.लेकिन सफाई कर्मचारी संगठनों के मुताबिक यह आंकड़ा छह सौ से ज्यादा होने का अनुमान है.दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाईसुप्रीम कोर्ट की ओर से मैनुअल सफाई पर पाबंदी के निर्देश की अनदेखी करते हुए कोलकाता नगर निगम ने लेदर कांप्लेक्स में तीन मजदूरों को सीवर की सफाई के लिए काम पर लगाया था.पहले एक मजदूर



नीचे उतरा.लेकिन काफी देर तक उसके वापस नहीं आने के बाद दो और मजदूर सीवर में उतरे.कुछ देर बीतने के बाद उनकी तलाश शुरू की गई.करीब चार घंटे बाद उनके शव बरामद किए गए.उसके बाद इस मुद्दे पर बहस शुरू हो गई है.

**जाति के आधार पर जेलों में काम का बंटवारा असंवैधानिक:** सुप्रीम कोर्टराज्य सरकार ने मृत मजदूरों के परिजनों को 10-10 लाख का मुआवजा देने का एलान किया है.लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे मामलों में 30 लाख के मुआवजे की बात कही थी.सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन न्यायाधीश एस.रवींद्र भट्ट और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने वर्ष 2023 में अपने एक फैसले में कहा था कि सीवर की सफाई के दौरान मजदूरों की मौत की स्थिति में केंद्र या राज्य सरकार को 30-30 लाख का मुआवजा देना होगा.इसके अलावा स्थायी रूप से विकलांग होने वालों को 20 लाख देना होगा.किसी भी स्थिति में यह रकम 10 लाख से कम नहीं हो सकती.कोलकाता नगर निगम के मेयर फिरहाद हकीम डीडब्ल्यू से कहते हैं, यह शुरुआती मुआवजा है.सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अध्ययन के बाद उस पर अमल किया जाएगा लेकिन सुप्रीम कोर्ट की पाबंदी के बावजूद मैनुअल सफाई के लिए मजदूरों को नीचे क्यों उतारा गया.फिरहाद हकीम कहते हैं।

कई बार मजदूर तय दिशानिर्देशों का पालन नहीं करते हैं.इससे समस्या पैदा होती है.इस घटना की जांच की जा रही है और दोषी अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगीपाबंदी के बावजूद जारी है प्रथासुप्रीम कोर्ट ने बीते सप्ताह देश के छह शहरों में इस प्रथा पर पाबंदी लगाते हुए संबंधित सरकार से 13 फरवरी तक हलफनामे के जरिए यह बताने को कहा था कि वहां मैनुअल सफाई और सिर पर मैला ढोने की प्रथा कब से और कैसे बंद की गई है.इस मामले की अगली सुनवाई 19 फरवरी को होनी है. सुप्रीम कोर्ट का यह निर्देश एक जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद आया है.उस याचिका में वर्ष 2013 के अधिनियम को पूरी तरह लागू नहीं करने की शिकायत की गई थी.अदालत ने बीते साल भी इस मुद्दे पर संबंधित पक्षों को लताड़ लगाई थी.देश में वर्ष 1993 में पहली बार सीवरों की मैनुअल सफाई और मैला ढोने की प्रथा पर पाबंदी लगाई गई थी.उसके बीस साल बाद मैनुअल स्कैवेंजिंग एक्ट, 2013 के जरिए इस प्रथा पर पूरी तरह पाबंदी लगा दी गई.इस कानून में कहा गया है कि किसी परिस्थिति में अगर मजदूरों को सीवर में उतरने से पहले 27 दिशानिर्देशों का पालन करना होगा.सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर सख्ती से अमल करने का निर्देश दिया था.लेकिन अक्सर उनकी अनदेखी की जाती रही है.केंद्र सरकार ने बीती 29 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में दायर एक हलफनामे में माना है कि देश के 775 जिलों में से 456 में अब हाथ से मैला ढोने की प्रथा नहीं है.इससे साफ है कि 319 जिलों में अब भी यह प्रथा जारी है.कोलकाता की घटना इसकी ताजा मिसाल है.जर्मनी में सीवर सिस्टम में काम कर रहे तीन कर्मचारियों की हादसे में मौतमानव गरिमा का भी सवाल सीवर या मैनहोल में उतरने वाले सफाई मजदूर बिना शराब पिए यह काम नहीं कर सकते।

## देवेंद्र फडणवीस ने कहा- बेटी की बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री आवास में चले जाएंगे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने अंधविश्वास के कारण दक्षिण मुंबई स्थित आधिकारिक



मुख्यमंत्री आवास में नहीं जाने के दावों को मंगलवार को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि वह अपनी बेटी की बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद वहां चले जाएंगे। साथ ही उन्होंने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बंगला खाली करने के बाद शिफ्ट होने की बात कही है। उनका स्पष्टीकरण शिवसेना सांसद संजय राउत के उस बयान के कुछ घंटों बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि एकनाथ शिंदे की कामाख्या मंदिर यात्रा के दौरान गुवाहाटी में जिन भैंसों बलि दी गई उन्हें मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास वर्षा के परिसर में दफनाया गया था, ताकि मुख्यमंत्री का पद शिंदे के अलावा किसी और को न मिले। जून 2022 में उद्धव ठाकरे के खिलाफ बगावत कर भाजपा से हाथ मिलाने के बाद शिंदे राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। वह नवंबर 2024 तक मुख्यमंत्री रहे, लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद फडणवीस ने तीसरी बार मुख्यमंत्री पद संभाला। दिसंबर के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री का कार्यभार संभालने के बावजूद फडणवीस फिलहाल सागर बंगले में रह रहे हैं।

राउत के दावों को खारिज करते हुए फडणवीस ने कहा, एकनाथ शिंदे के खाली करने के बाद मैं वर्षा बंगले में चला जाऊंगा। कुछ छोटी-मोटी मरम्मत भी की जा रही है। इस बीच मेरी बेटी (जो कक्षा 10वीं में है) ने अनुरोध किया कि हम उसकी परीक्षाओं के बाद ही शिफ्ट हों। यही कारण है कि मैं अभी तक वहां नहीं गया हूं।

राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा, देवेंद्र फडणवीस वर्षा में रहने क्यों नहीं जा रहे हैं? मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगर वे वहां चले भी गए, तो वहां नहीं सोएंगे। यह क्या है? शिवसेना के 'नींबू सम्राट, नींबू मिर्ची' (परोक्ष तौर पर काला जादू करने वाले की ओर इशारा करते हुए) को इसका जवाब देना चाहिए।

## शत्रुघ्न सिन्हा ने यूसीसी को बताया देश की जरूरत, बोले- नॉनवेज भोजन पर भी लगे प्रतिबंध

**नईदिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने मंगलवार को देशभर में नॉनवेज भोजन पर प्रतिबंधन लगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की सराहना की है। हालांकि उन्होंने इसको लेकर अपनी चिंताएं भी जाहिर की हैं। उन्होंने कहा कि केवल गोमांस ही नहीं, बल्कि सामान्य रूप से सभी प्रकार के नॉनवेज भोजन पर देशभर में प्रतिबंध लगाना चाहिए। टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू करना प्रथम दृष्टया में सराहनीय है। देश में समान नागरिक संहिता लागू होनी चाहिए और मुझे यकीन है कि हर कोई मेरी बात से सहमत होगा। लेकिन इसमें कई बारीकियां और खामियां हैं। न केवल गोमांस, बल्कि सामान्य रूप से मांसाहारी भोजन पर भी देश में प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। लेकिन जो नियम उत्तर भारत में लागू किए जा सकते हैं, उन्हें पूर्वोत्तर राज्यों में लागू नहीं किया जा सकता। समान नागरिक संहिता के प्रावधानों का मसौदा तैयार करने से पहले एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की जानी चाहिए।उत्तराखंड यूनिफॉर्म सिविल कोड एक्ट, 2024 विभिन्न व्यक्तिगत कानूनों को सरल बनाएगा, जिनमें विवाह, तलाक, वंशानुक्रम और उत्तराधिकार से संबंधित कानून शामिल हैं।

# राष्ट्रपति भवन में पहली बार शादी, कौन हैं पूनम गुप्ता, जिन्हें द्रौपदी मुर्मू से मिली अनुमति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नई दिल्ली का प्रेसिडेंट हाउस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आधिकारिक निवास पहली बार एक शादी की मेजबानी करेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीआरपीएफ अधिकारी पूनम गुप्ता 12 फरवरी, 2025 को अपने मंगेतर सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट अविनाश कुमार से शादी करेंगी। सीआरपीएफ अधिकारी पूनम गुप्ता, जो वर्तमान में राष्ट्रपति भवन में पीएसओ के रूप में कार्यरत हैं, ने भी 74वें गणतंत्र दिवस परेड में सभी महिला दल का नेतृत्व किया। ईटीवी भारत के अनुसार, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उनके समर्पण, व्यावसायिकता और अनुशासित सेवा को देखते हुए उन्हें राष्ट्रपति भवन में शादी करने की अनुमति दी। यह ऐतिहासिक घटना पूनम गुप्ता को राष्ट्रपति भवन में शादी करने वाली पहली व्यक्ति बना देगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, सीआरपीएफ असिस्टेंट कमांडेंट पूनम गुप्ता मध्य प्रदेश की रहने वाली हैं। उनके पास गणित की डिग्री है, उसके बाद अंग्रेजी साहित्य में स्नातकोत्तर और बी.एड. पूनम ने 2018 यूपीएससी सीएपीएफ परीक्षा 81 की अखिल भारतीय रैंक के साथ उत्तीर्ण की। वह वर्तमान में सीआरपीएफ में सहायक कमांडेंट के रूप में कार्यरत हैं और उन्होंने बिहार के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में भी काम किया है। उनके दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत की यात्रा देश भर में कई युवा महिलाओं को प्रेरित करती है। पूनम के मंगेतर



अविनाश कुमार भी सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट हैं, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं। उनकी शादी 12 फरवरी, 2025 को राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा क्राउन कॉम्प्लेक्स में होगी, जिसमें परिवार के करीबी सदस्य शामिल होंगे। राष्ट्रपति भवन, भारत के राष्ट्रपति का आधिकारिक घर, देश के सबसे महत्वपूर्ण वास्तुशिल्प स्थलों में से एक है। सर एडविन लुटियंस द्वारा डिज़ाइन की गई यह विशाल संपत्ति 300 एकड़ में फैली हुई है। राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा क्राउन परिसर में विवाह समारोह पूनम गुप्ता के परिवार के नजदीकी प्रमेंद्र बिरथरे (सोनू) ने बताया पूनम शिवपुरी की श्रीराम कॉलोनी निवासी और नवोदय विद्यालय में पदस्थ कार्यालय अधीक्षक रघुवीर गुप्ता की बेटी हैं. पूनम गुप्ता के कार्य, आचरण और व्यवहार से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू काफी प्रभावित हैं. जब उन्हें पूनम की शादी की जानकारी मिली तो उन्होंने राष्ट्रपति भवन के मदर टेरेसा क्राउन परिसर में विवाह समारोह आयोजित करने की स्वीकृति दी. इस शादी में चुनिंदा मेहमानों को आमंत्रित किया गया है. रिश्तेदारों और मित्रों को शामिल करने के लिए आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं, ताकि उन्हें राष्ट्रपति भवन में प्रवेश की अनुमति मिल सके. पूनम गुप्ता की शैक्षणिक उपलब्धियां और देशसेवा का सफर प्रेरणादायक रहा है।

## टीएमसी की बड़ी मांग, कहा- पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला किए जाने को मंजूरी दे केंद्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर बांग्ला करने की मांग करते हुए कहा कि यह नाम राज्य के इतिहास और संस्कृति को प्रतिबिंबित करता है. राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए तृणमूल नेता रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में सर्वसम्मति से राज्य का नाम बदलने का प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन केंद्र ने अभी तक इसे मंजूरी नहीं दी है. उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा कि नामकरण राज्य के इतिहास, संस्कृति और पहचान से मेल खाता है और यहां के लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित भी करता है.

**1947 में बंगाल हुआ था विभाजित :** वर्ष 1947 में बंगाल को विभाजित किया गया. भारतीय हिस्से



को पश्चिम बंगाल कहा गया और दूसरे हिस्से का नाम पूर्वी पाकिस्तान रखा गया. 1971 में पूर्वी पाकिस्तान ने स्वतंत्रता की घोषणा की और बांग्लादेश बना. बनर्जी ने कहा कि आज कोई पूर्वी पाकिस्तान नहीं है.

**राज्य का नाम बदलने की जरूरत :** उन्होंने कहा, हमारे राज्य का नाम बदलने की जरूरत है. पश्चिम बंगाल के लोगों के जनादेश का सम्मान किए जाने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में कई शहरों के नाम परिवर्तित किए गए हैं. इनमें बॉम्बे शामिल है, जो 1995 में मुंबई में बदल दिया गया, 1996 में मद्रास को चेन्नई, 2001 में कलकत्ता को कोलकाता और 2014 में बैंगलोर से बेंगलुरु में बदल दिया गया.

**बाली जात्रा को राष्ट्रीय उत्सव का दर्जा देने की मांग :** इस बीच बीजेडी के देबाशीष सामंतराय ने बाली जात्रा को राष्ट्रीय उत्सव का दर्जा देने की मांग की. यह उत्सव महानदी नदी के तट पर हर साल मनाया जाता है, यह उस समय को चिह्नित करता है, जब राज्य के नाविक व्यापार और संस्कृति के विस्तार के लिए प्राचीन काल में इंडोनेशिया के बाली, सुमात्रा और जावा, बोर्नियो और श्रीलंका की यात्रा पर निकलते थे.

इसके अलावा तृणमूल कांग्रेस के साकेत गोखले ने मांग कि पेट्रोल में सस्ते इथेनॉल का लाभ उपभोक्ताओं को दिया जाए, जबकि उनकी पार्टी की सहयोगी सुष्मिता देव चाहती थीं कि असम में बराक नदी की सफाई की जाए और जलमार्ग का उपयोग माल की आवाजाही के लिए किया जाए।

## नीतीश कुमार के काम का श्रेय लूटने से बाज आएं लालू प्रसाद, अपनी उपलब्धि बताएं: सम्राट चौधरी

**पटना, एजेंसी।** उपमुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले 12 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी देने का वादा पूरा करने में तेजी से लग गए हैं, जबकि राजद राजनीतिक रूप से दिवालिया होकर केवल मुख्यमंत्री के काम का श्रेय लूटने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष के पास न कोई मुद्दा है, न विकास का कोई रोडमैप । चौधरी ने कहा कि मंगलवार को मुख्यमंत्री ने 6837 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंप कर फिर यह साबित किया कि एनडीए की सरकार जो वादा करती है, उसे पूरा करने के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के विभिन्न विभागों मे नवनियुक्त 6341 कनीय अभियंता और 496 अनुदेशकों समेत कुल 6837 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

चौधरी ने कहा कि सरकार युवाओं को नौकरी दे रही है और ढांचागत निर्माण, पर्यटन और हस्तशिल्प जैसे अनेक क्षेत्रों में लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित कर रही है। उन्होंने कहा कि नवम्बर 2025 में चुनाव से पहले 12



लाख सरकारी नौकरी देने के लक्ष्य में अब तक 9 लाख 13 हजार लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। 2005 से 2020 तक कुल 7 लाख 50 हजार लोगों को नौकरी दी गई थी। चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार जो कहते हैं, वह कर रहे हैं। अब लालू प्रसाद के परिवार को जनता के सामने अपनी ऐसी उपलब्धि गिनानी चाहिए, जिससे उनके परिवार का नहीं, बिहार के गरीबों-युवाओं-महिलाओं का भला हुआ हो। उन्होंने कहा कि नौकरी देने का क्रेडिट नीतीश कुमार का है , जिसे लालू परिवार हड़पने की कोशिश न करे।

# कश्मीर तक आ पहुंचा हमास वाला खतरा, पीओके में जैश और लश्कर भी साथ; अलर्ट पर एजेंसियां

**कश्मीर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के लिए दहशतगर्द संगठन एकजुट होते दिख रहे हैं। उनकी आतंक की एक नई उठाने की तैयारी है, जिससे खुफिया एजेंसियां अलर्ट पर हैं। खुफिया सूत्रों के अनुसार पीओके में कार्यक्रम भी होना है, जिसे हमास के टॉप कमांडर द्वारा संबोधित किया जाना है। इस आयोजन में आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी शामिल होंगे और इसमें हमास के प्रवक्ता खालिद कद्दूमी का भाषण होगा। इससे पता चलता है कि पाकिस्तान कितनी बड़ी साजिश जम्मू-कश्मीर को लेकर रच रहा है। उसकी धरती पर न सिर्फ जैश और लश्कर जैसे आतंकी संगठन मजबूत हो रहे हैं बल्कि फिलिस्तीन का उग्रवादी समूह हमास भी जड़ें मजबूत कर रहा है।

खुफिया एजेंसिया का कहना है कि पाकिस्तान इसके जरिए जम्मू-कश्मीर के मसले का अंतरराष्ट्रीयकरण करना चाहता है। उसकी कोशिश यह संदेश देने की है कि फिलिस्तीन और कश्मीर एक जैसे मसले हैं और दोनों स्थानों पर मुस्लिमों का उत्पीड़न हो रहा है। इन दोनों स्थानों की समानता बताते हुए वह अकसर इस्लामिक दुनिया से साथ देने की अपील करता रहा है। तुर्की, मलयेशिया जैसे देशों ने कई



बार संयुक्त राष्ट्र संघ के मंच से भारत को चुभने वाली बातें कही भी हैं, लेकिन सऊदी अरब, यूएई, कतर और कुवैत जैसे देश पाकिस्तान के प्रोपेगेंडे से दूर रहे हैं। पाकिस्तान में 5 फरवरी को कश्मीर एकजुटता दिवस मनाया जाता है। इस दिन वहां सरकारी आयोजनों में कश्मीर को लेकर प्रोपेगेंडा रचा जाता है। इसी के तहत आतंकी संगठन आयोजन कर रहे हैं, जिसमें हमास के नेता का भाषण कराया जाएगा। यहां अहम बात यह है कि पीओके में होने वाले आयोजन को अल अक्सा फ्लड के बैनर तले कराया जाएगा। इसी नाम से उस ऑपरेशन को अंजाम दिया गया था, जिसके तहत 7 अक्टूबर 2023 को इजरायल में आतंकी हमला हुआ था। उस हमले में करीब 700 लोग मारे गए थे और सैकड़ों लोगों को हमास ने कैद कर लिया था। दरअसल अल अक्सा येरूशलम में स्थित एक मस्जिद है, जिस पर मुस्लिम और यहूदी दोनों दावे करते हैं। उसके नाम से चले ऑपरेशन के बैनर तले पीओके में आयोजन होना खतरनाक संकेत है। इसके माध्यम से आतंकी संगठन मुस्लिम उम्मा की एकता का संदेश देना चाहते हैं। बता दें कि अकसर फिलिस्तीन में इजरायल के हमलों की तस्वीरों को फर्जी प्रोपेगेंडा करते हुए पाकिस्तान ने कश्मीर का बताया था और उसका झूठ भी उजागर हो गया था।





टेनिसः

# दो ग्रैंडस्लैम जीतने वाली इस खूबसूरत एथलीट ने टेनिस को कहा अलविदा

**बुखारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी।** दो बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने मंगलवार को अपने गृह देश रोमानिया में एक टूर्नामेंट के पहले दौर में हार के बाद 33 साल की उम्र में टेनिस से संन्यास की घोषणा की। हालेप ने रोमानिया के क्लुज में ट्रांसिल्वेनिया ओपन में लूसिया ब्रॉन्ज़ेटी से 6-1, 6-1 की हार के बाद इसका एलान किया। उन्होंने दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, मैं नहीं जानती कि मैं दुख के साथ या खुशी के साथ यह घोषणा कर रही हूं। मुझे लगता है कि मैं दोनों को महसूस कर रही हूं लेकिन इस फैसले से मुझे शांति मिली है। मैं हमेशा यथार्थवादी रही हूं। हालेप ने कहा, मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। भले ही मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन मैं आपके सामने खेलकर टेनिस को अलविदा कहना चाहती थी। हालेप 2017 में पहली बार विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंची थी लेकिन अभी वह 870वें स्थान पर हैं।



उन्हें रोमानिया में इस टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया गया था। अपने करियर में चोटों से जूझने और डोपिंग के कारण निलंबन झेलने वाली हालेप एक समय महिला टेनिस में शीर्ष पर थीं। उन्होंने 2019 में विंबलडन में फाइनल में सेरेना विलियम्स को और 2018 में फ्रेंच ओपन में स्लोएन स्टीफंस को फाइनल में हराकर ग्रैंड स्लैम एकल खिताब जीते थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी का आखिरी मौका

## इंग्लैंड से 3 वनडे खेलेगा भारत, क्या रोहित-कोहली का फॉर्म लौटेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड को एकतरफा अंदाज में टी-20 सीरीज हराने के बाद टीम इंडिया अब 3 वनडे की सीरीज खेलेगी। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की तैयारी के लिए भारत के पास यही आखिरी मौका है। इसी में भारत को अपनी प्लेइंग-11 फाइनल करनी है और टूर्नामेंट के लिए स्ट्रैटजी भी बनानी है।

टीम इंडिया को टूर्नामेंट से पहले कई सवालों के जवाब ढूंढने हैं। जैसे कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली का फॉर्म लौटेगा या नहीं? जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की फिटनेस भी चिंता की बात है। अगर दोनों कम्प्लीट रिदम में बॉलिंग नहीं कर पाए तो उनकी कमी कौन पूरी करेगा?

### क्या फॉर्म में लौटेंगे कोहली-रोहित?

टीम इंडिया के सीनियर बैटर विराट कोहली और कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। टी-20 वर्ल्ड कप 2024 जीतने के बाद से कोहली एक ही सेंचुरी लगा सके, वहीं रोहित एक भी शतक नहीं लगा पाए। रोहित ने श्रीलंका के खिलाफ 3 वनडे में जरूर फिफ्टी लगाई, लेकिन दोनों ही प्लेयर्स टेस्ट फॉर्मेट में फ्लॉप रहे। आईसीसी के बड़े वनडे टूर्नामेंट से पहले दोनों सीनियर प्लेयर्स का आउट ऑफ फॉर्म होना चिंता की बात है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी दोनों ज्यादा रन नहीं बना सके थे, वहीं रणजी ट्रॉफी में भी दोनों बैट से फ्लॉप ही रहे। ऐसे में इंग्लैंड से वनडे सीरीज दोनों सीनियर बैटर्स के लिए बड़े टूर्नामेंट के लिए फॉर्म पाने का आखिरी मौका है।

### बुमराह-शमी पूरी तरह फिट कब होंगे?

वनडे वर्ल्ड कप 2023 में भारत का बॉलिंग अटैक लीड करने वाले मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह इंजरी से रिकवरी कर रहे हैं। शमी ने 14 महीने बाद वापसी की और इंग्लैंड के खिलाफ 2 टी-20 खेले। हालांकि, वे रिदम में नजर नहीं आए। उन्होंने 3 विकेट जरूर लिए, लेकिन इंग्लिश बैटर्स को उन्हें खेलने में कोई परेशानी नहीं आई। बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टेस्ट खेलते हुए चोटिल हो गए थे। जिससे रिकवर करने में उन्हें अभी समय लगेगा, जिस कारण वे शुरुआती 2 वनडे भी नहीं खेल सकेंगे। बुमराह इससे पहले भी करीब 15 महीनों तक इंजरी से रिकवरी कर चुके हैं। बुमराह अगर टूर्नामेंट से पहले फिट नहीं हो सके तो भारत का बॉलिंग अटैक कमजोर हो जाएगा। बुमराह और शमी दोनों ही अगर रिदम में बॉलिंग नहीं कर सके तो हार्दिक पंड्या और स्पिनर्स पर गेंदबाजी को संभालने का दबाव भी आ सकता है। इंग्लैंड सीरीज में टीम हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह को मौके देकर दोनों के ऑप्शन तैयार करने पर भी ध्यान दे सकती है। खास बात ये भी कि आईसीसी वनडे बॉलर्स रैंकिंग के टॉप-10 में शामिल मोहम्मद सिराज भी स्क्वॉड का हिस्सा नहीं हैं। इसलिए टीम बुमराह-शमी पर बहुत ज्यादा निर्भर है।

# वरुण चक्रवर्ती इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पुरुष चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी 3 मैचों की वनडे सीरीज के लिए अबूझ स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। वरुण ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में कुल 14 विकेट लिए, जिसमें 5 मैचों की टी20 सीरीज में राजकोट में पांच विकेट शामिल हैं। वह अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे। वरुण नागपुर में होने वाले पहले वनडे के लिए टीम में शामिल हुए हैं। इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारत की अपडेटेड टीम- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।



# राशिद खान ने रचा इतिहास

## टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो को पछाड़ कर सबसे ज्यादा विकेट लेने का महारिकॉर्ड अपने नाम किया. राशिद इन दिनों एसए20 में खेल रहे हैं, जिसके जरिए उन्होंने सबसे ज्यादा टी20 विकेट चटकाने का खिताब अपने नाम किया.

बता दें कि राशिद एसए20 में एमआई केपटाउन की कमान संभाल रहे हैं. टूर्नामेंट का पहला क्वालीफायर पार्ल रॉयल्स और एमआई केपटाउन के बीच खेला गया. इसी मुकाबले में राशिद ने अपना पहला विकेट चटकाते ही ब्रावो का रिकॉर्ड तोड़ दिया. ब्रावो ने अपने टी20 करियर में 631 विकेट चटकाए, जबकि राशिद खान ने 633 विकेट अपने नाम कर लिए हैं.

### 10 साल से कम वक्त में राशिद खान ने किया कमाल

राशिद खान ने अक्टूबर, 2015 में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलते हुए अपना टी20 डेब्यू किया था, जिसमें उन्होंने महज 1 विकेट चटकाया था. अब 10 साल से भी कम वक्त में वह टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए.

पिछले साल (2024) क्रिकेट संन्यास ले चुके ड्वेन ब्रावो ने फरवरी, 2006 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला खेलकर टी20 डेब्यू किया था. ब्रावो को जो आंकड़ा छूने के लिए करीब 18 साल का वक्त लगा, राशिद खान ने उससे बड़ा आंकड़ा महज 10 साल से कम वक्त में छू लिया. गौरतलब है कि ब्रावो ने 582 टी20 मैचों में 24.40 की औसत से 631 विकेट अपने नाम किए.



वहीं राशिद खान ने महज 461 मुकाबलों में 18.07 की औसत से 633 विकेट अपने नाम कर लिए. लिस्ट में तीसरा नंबर वेस्टइंडीज के सुनील नरेन का है, जिन्होंने अब तक 573 विकेट चटका लिए हैं. इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के इमरान ताहिर चौथे और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन पांचवें नंबर पर आते हैं.

### टी20 में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज

- राशिद खान (अफगानिस्तान) - 633 विकेट
- ड्वेन ब्रावो (वेस्टइंडीज) - 631 विकेट
- सुनील नरेन (वेस्टइंडीज) - 573 विकेट
- इमरान ताहिर (दक्षिण अफ्रीका) - 531 विकेट
- शाकिब अल हसन (बांग्लादेश) - 492 विकेट .

# 40 से सीधे दूसरे स्थान पर, अभिषेक शर्मा ने आईसीसी टी-20 रैंकिंग में लगाई लम्बी छलांग



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी नई पुरुष आईसीसी टी-20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में 38 पायदान ऊपर चढ़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गए।

इससे पहले वह 40वें स्थान पर थे। भारत के दो बेहतरीन फॉर्म में चल रहे सफेद गेंद के खिलाड़ियों को इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में घरेलू श्रृंखला के दौरान मजबूत प्रदर्शन के लिए आईसीसी टी-20 खिलाड़ी रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाकर पुरस्कृत किया गया है। अभिषेक ने मुंबई में श्रृंखला के पांचवें और अंतिम मैच में 135 रनों की तेज पारी खेलकर अपने नई अंतरराष्ट्रीय करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली और इसके परिणामस्वरूप बल्लेबाज टी-20 रैंकिंग में 38 पायदान ऊपर चढ़ गए।

## अपने 40वें जन्मदिन पर बोले क्रिस्टियानो रोनाल्डो

# मैं सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर

**मैड्रिड, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो बुधवार को अपना 40वां जन्मदिन मना रहे हैं। वह अपना जन्मदिन उसी आत्मविश्वास और आत्मसम्मान के साथ मना रहे हैं जिस पर उन्होंने अपने सफल करियर के दौरान हमेशा गर्व किया है। रियाल मैड्रिड के पूर्व स्टार और अब सऊदी अरब में अल नस्र फुटबॉल क्लब के लिए खेल रहे रोनाल्डो बुधवार को 40 साल के हो गए और उन्हें इसमें कोई संदेह नहीं कि दुनिया का सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलर कौन है।



रोनाल्डो ने एक स्पेनिश टेलीविजन चैनल को दिए इंटरव्यू में कहा, मैं फुटबॉल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ स्कोरर हूं। हालांकि, मैं बाएं पैर का अधिक इस्तेमाल नहीं करता, लेकिन बाएं पैर से गोल करने के मामले में मैं इतिहास में शीर्ष 10 में हूं। इन आंकड़ों से पता चलता है कि मैं अब तक का सबसे संपूर्ण खिलाड़ी हूं। उन्होंने कहा, मैं खेल में अपने दिमाग का अच्छा इस्तेमाल करता हूं। मैं अच्छी फ्री किक लेता हूं। मैं तेज दौड़ लगाता हूं। मैं दमदार हूं। मैं अच्छी कूद लगाता हूं। मैंने कभी भी खुद से बेहतर किसी को नहीं देखा। पुर्तगाल के इस स्टार खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक 217 मैच खेले हैं जिनमें उनके नाम पर 135 गोल दर्ज हैं जो विश्व रिकॉर्ड है।

फुटबॉलः

# भारतीय गोलकीपर सोम स्लोवेनियाई क्लब एनके राडोमल्जे में हुए शामिल




**बंगलूरू, एजेंसी।** छह फीट तीन इंच लंबे सोम पिछले सत्र में इंडियन सुपर लीग क्लब केरला ब्लास्टर्स का हिस्सा थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में आपसी सहमति से टीम से अलग हो गए। युवा भारतीय गोलकीपर सोम कुमार स्लोवेनियाई फुटबाल की शीर्ष स्तरीय लीग प्रावा लीगा के क्लब एनके राडोमल्जे से जुड़ गए हैं। यह 19 वर्षीय सोम के करियर में एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि वह वर्तमान में यूरोप में पेशेवर अनुबंध हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय फुटबालर बन गए हैं।

छह फीट तीन इंच लंबे सोम पिछले सत्र में इंडियन सुपर लीग क्लब केरला ब्लास्टर्स का हिस्सा थे, लेकिन अंतरराष्ट्रीय अवसरों की तलाश में आपसी सहमति से टीम से अलग हो गए। सोम ने 2024 में भारत वापस आने से पहले स्लोवेनिया में चार साल बिताए थे। इस कदम के बारे में सोम ने कहा, मैं एनके राडोमल्जे में शामिल होने और अपने कॅरिअर में यह अगला कदम उठाने के लिए रोमांचित हूं। शीर्ष स्तरीय यूरोपीय लीग में खेलना किसी भी भारतीय के लिए एक सपना सच होने जैसा है और मैं स्लोवेनिया वापस जाने के लिए उत्साहित हूं। सीखने, प्रगति करने और टीम की सफलता में योगदान देने के लिए उत्सुक हूं। मैं ट्रेनिंग के दौरान टीम से मिलने के लिए उत्सुक हूं।

टेनिसः

# 15 साल की माया मुंबई ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं, बेलारूस की श्यामनोविच को हराया



**मुंबई, एजेंसी।** भारत की उभरती हुई टेनिस खिलाड़ी 15 वर्षीय माया राजेश्वरन रेवती ने मंगलवार को एलएंडटी मुंबई ओपन डब्ल्यूटीए 125 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेलारूस की इरिना श्यामनोविच को सीधे सेटों में हराकर अंतिम-16 में अपनी जगह पक्की की। माया ने शानदार परिपक्वता दिखाते हुए अपने से अधिक अनुभवी प्रतिद्वंद्वी को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। वाइल्ड कार्ड धारक भारतीय खिलाड़ी अंकिता रैना ने हमवतन वैष्णवी अडकर पर दबदबा बनाते हुए 6-2, 6-2 से जीत हासिल की। भारत की श्रीवल्ली भामिदिपति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रूस की एलेना प्रिडांकिना को एकतरफा मुकाबले में 6-1, 6-0 से हराया। स्लोवाकिया की तीसरी वरीयता प्राप्त अन्ना कैरोलिना श्मीडलोवा ऑस्ट्रेलिया की टीना स्मिथ की कड़ी चुनौती से पार पाने में सफल रही। श्मीडलोवा ने पहला सेट गंवाने के बाद 6-7, 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। जापान की माई होनटामा ने छठी वरीयता प्राप्त हमवतन नाओ हिबिनो को कड़े मुकाबले में 7-6, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

बैडमिंटनः

# एकल छोड़ मिश्रित युगल में सफलता हासिल कर रहे सतीश और आद्या

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चार फरवरी 2023 को सतीश और आद्या ने ईरान इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब जीता। इसके ठीक एक साल बाद इस जोड़ी ने मंगलवार को देहरादून में राष्ट्रीय खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया। क्या होता है जब दो एकल खिलाड़ी युगल में एक साथ खेलते हैं? इसका फायदा भी हो सकता है और नुकसान भी लेकिन सतीश कुमार करुणाकरण और आद्या वरियथ के लिए यह कदम शानदार साबित हुआ क्योंकि वे अब भारतीय बैडमिंटन की शीर्ष मिश्रित युगल जोड़ी हैं। सतीश और आद्या की जोड़ी 2023 में विश्व रैंकिंग में 432वें स्थान से डेढ़ साल के भीतर 33वें स्थान पर पहुंच गई। चार फरवरी 2023 को सतीश और आद्या ने ईरान इंटरनेशनल चैलेंज का खिताब जीता। इसके ठीक एक साल बाद इस जोड़ी ने मंगलवार को देहरादून में राष्ट्रीय खेलों में अपना पहला स्वर्ण पदक हासिल किया। तमिलनाडु के सतीश ने इसके बाद उत्तराखंड के सूर्याक्ष रावत को 21-17, 21-17 से हराकर पुरुष एकल का भी स्वर्ण पदक जीता। सतीश और आद्या ने इसके अलावा अजरबेजान और युगांडा में खिताब जीते लेकिन पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहे। पिछले साल अप्रैल से दोनों मलयेशियाई कोच जीवननाथन नायर के मार्गदर्शन में क्वालालंपुर में प्रशिक्षण ले रहे हैं। हालांकि वीजा सीमाओं के कारण वे वहां एक महीने से अधिक नहीं रह सकते जिसका अर्थ है कि उन्हें अक्सर यात्रा करनी पड़ती है। तैराक के रूप में शुरुआत करने के बाद अपने बड़े भाई अरुण कुमार को देखकर 12 साल की उम्र में बैडमिंटन की ओर रुख करने वाले सतीश ने हाल ही में कहा कि हम केवल डेढ़ साल से साथ हैं। भारत में मेरी कुछ पारिवारिक समस्याएं थी इसलिए मुझे मलयेशिया जाना पड़ा। आद्या ने कहा, इसलिए पिछले अप्रैल से हमने क्वालालंपुर में प्रशिक्षण लेने की कोशिश की है। यदि दो सप्ताह से अधिक की ट्रेनिंग होती है तो हम क्वालालंपुर जाते हैं। अन्यथा, हम भारत के किसी एक केंद्र में एक सप्ताह की ट्रेनिंग करते हैं। तेइस वर्षीय आद्या ने कहा कि वे दीर्घकालिक वीजा के लिए प्रयास कर रहे हैं जिससे कि वे बार-बार यात्रा करने की चिंता किए बिना मलयेशिया में ट्रेनिंग कर सकें।



# इनोवेशन, स्मार्ट सॉल्यूशंस और स्टाफ की कैपेसिटी बिल्डिंग पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता : राकेश

## मंत्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रशिक्षण कार्यशालाओं को एक साथ किया संबोधित

### प्रदेश के संभागों में एक साथ आयोजित हुई अभियंता प्रशिक्षण कार्यशाला

**पन्ना।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में पूरे प्रदेश में एक साथ विभाग के संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल के साथ प्रदेश के आठ संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों पर ध्यान केंद्रित करना था। इन कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित अभियंताओं को आधुनिक निर्माण तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे सड़क निर्माण की गुणवत्ता, स्थायित्व और पर्यावरण-अनुकूलता को बढ़ाया जा सके। इस कार्यक्रम में उप यंत्री से लेकर अधीक्षण यंत्री स्तर तक के लगभग 1760 अभियंताओं ने भाग लिया। राज्य स्तर से मुख्य अभियंताओं के आठ दल अलग-अलग संभागों में भेजे गए, जिन्होंने नवीन तकनीकों पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

सागर संभाग में प्रशिक्षण का आयोजन होटल दीपाली में किया गया, जिसमें लगभग 128 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राज्य स्तर से संजय मस्के मुख्य अभियंता एवं एस.एल. सूर्यवंशी मुख्य अभियंता के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कार्यशाला को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि आज के युग में, जब टेक्नोलॉजी तेजी से विकसित हो रही है, तो इंजीनियर्स के लिए स्वयं को अपडेट रखना आवश्यक हो गया है। इनोवेशन, सस्टेनेबिलिटी और स्मार्ट सॉल्यूशंस पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और इसी उद्देश्य से यह कार्यशाला आयोजित की गई है। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि लोक निर्माण से लोक कल्याण तक का मार्ग इंजीनियर्स के माध्यम से ही संभव हो सकता है। उन्होंने कहा कि लोक निर्माण विभाग की नींव तभी रखी गई थी जब देश में इस विभाग का गठन हुआ और तब से लेकर आज तक, यह विभाग लगातार समाज के विकास में योगदान दे रहा है।

मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स द्वारा निर्मित संरचनाएँ केवल आज के लिए नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होंगी। शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीक और आध्यात्मिक केंद्रों तक पहुँच इन्हीं संरचनाओं के माध्यम से होती है, जो लोक कल्याण की दिशा में अहम भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र का गठन लोक कल्याण के लिए हुआ है, और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, इंजीनियर्स को अपने कर्तव्यों को



समझते हुए कार्य करना चाहिए।

उन्होंने विकसित भारत के संकल्प का उल्लेख करते हुए कहा कि विकसित मध्यप्रदेश इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लोक कल्याण की संरचनाओं को आदर्श रूप में स्थापित करना और समाज में इंजीनियर्स की विशिष्ट भूमिका को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इंजीनियर्स को इस जिम्मेदारी को समझते हुए कार्य करना चाहिए ताकि उनके द्वारा किए गए कार्यों को सम्मान की दृष्टि से देखा जाए। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि इंजीनियर्स को सजगता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि उनके द्वारा निर्मित संरचनाएँ गुणवत्ता और विशिष्टता का प्रतीक बनें। उन्होंने कहा कि विभाग आपके साथ खड़ा हैं, ताकि मध्यप्रदेश के लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर्स का नाम देशभर में सम्मान के साथ लिया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यशाला इंजीनियर्स की क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो लोक निर्माण से लोक कल्याण की यात्रा को मजबूती प्रदान करेगी।

प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी मुख्य अभियंताओं द्वारा उपस्थित अभियंताओं को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से नवीनतम तकनीकों, उनके उपयोग और लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इसमें प्रमुख रूप से व्हाइट टॉपिंग तकनीक, जो सड़कों की उम्र 15-20 साल तक बढ़ाकर रखरखाव की आवश्यकता को कम करती है, तथा फुल डेप्थ रिक्लेमेशन तकनीक, जो पुरानी सड़क सामग्री के पुन: उपयोग से किफायती और पर्यावरण-अनुकूल निर्माण सुनिश्चित करती है, शामिल थीं। अल्ट्रा-हाई परफॉर्मेंस कंक्रीट से हल्की और मजबूत सड़कें व पुल बनाए जाते हैं, जबकि वेस्ट प्लास्टिक का उपयोग सड़कों को अधिक टिकाऊ और प्रदूषण-मुक्त बनाने में सहायक होता है। इसके अलावा, ग्लास फाइबर रिइनफोर्स्ड पॉलिमर बार तकनीक के उपयोग से जंग-प्रतिरोधी, हल्का और मजबूत निर्माण संभव होता है, खासकर नमी वाले क्षेत्रों में। माइक्रो-सर्फेसिंग तकनीक से सड़कों की ऊपरी परत को चिकना और मजबूत बनाया जाता है, जिससे पानी से सुरक्षा मिलती है और गड्ढों की समस्या कम होती है। जियोग्रिड और ग्लासग्रिड तकनीक कमजोर मिट्टी वाले स्थानों पर सड़कों को अतिरिक्त मजबूती प्रदान करती है और दरारों को रोकने में सहायक होती है।

इसके अतिरिक्त, लोक-कल्याण सरोवर योजना के तहत सड़क निर्माण से निकली मिट्टी का उपयोग जल संरक्षण के लिए किया जाता है, जिससे भूजल स्तर में सुधार होता है। पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से पेड़ स्थानांतरण तकनीक को अपनाया जा रहा है, जिससे सड़क निर्माण के दौरान पेड़ों को काटने के बजाय सुरक्षित रूप से दूसरी जगह लगाया जा सकता है।

इन सभी तकनीकों के माध्यम से मध्यप्रदेश में सड़क निर्माण कार्य को अधिक मजबूत, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इस प्रशिक्षण का मुख्य आकर्षण अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षाविद विक्रांत तोमर के मार्गदर्शन में आयोजित ट्रेनिंग नीड असेसमेंट सत्र रहा। उन्होंने सरल प्रश्नों के माध्यम से प्रतिभागियों के विचारों को एकत्रित कर प्रशिक्षण आवश्यकताओं को समझा। इस सत्र का उद्देश्य विभाग के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेम वर्क तैयार करना था।

ये प्रश्न मेंटी पोर्टल एवं गूगल फॉर्म के माध्यम से पूछे गए थे और क्यूआर कोड व लिंक सभी प्रतिभागियों के साथ शेयर किये गए थे। इन प्रश्नों में इंजीनियर्स द्वारा फेस की जा रही मुख्य चुनौतियां, पूर्व में आयोजित प्रशिक्षण, विभिन्न क्षेत्रों में इंजीनियर्स का तकनीकी कौशल, सॉफ्टवेयर, टूल्स के प्रशिक्षण की आवश्यकता, क्रॉस-फंक्शनल टीमों के साथ सहयोग, व्यवहारिक कौशल विकास आदि से संबंधित प्रश्न सम्मिलित थे। इस सत्र में प्रतिभागियों ने खुलकर अपने विचार रखे और प्रश्न भी पूछे। सत्र के दौरान प्रतिभागियों द्वारा दिए गए उत्तरों का समग्र एनालिसिस भी किया गया और विभिन्न विषयों पर सामूहिक विचारों को प्रदर्शित किया गया।

प्रशिक्षण सत्र के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अनेक प्रश्नों के उत्तर दिये, जिनके आधार पर विभाग का कैपेसिटी बिल्डिंग फ्रेमवर्क तैयार किया जाएगा। इन प्रश्नों का उत्तर देना भी विभाग के लिए एक प्रेरणादाई अनुभव रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम शाम 6 बजे तक चला, जिसमें सभी अभियंताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# किसानों के कल्याण के लिए संचालित हैं कई योजनाएं

**पन्ना।** मध्य प्रदेश में किसान कल्याण के लिये मिशन प्रारंभ होने वाला है। वर्तमान में किसानों के कल्याण की विभिन्न योजनाएँ संचालित हो रही हैं। कृषकों की सहायता के लिये मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना लागू की गई है। योजनांतर्गत कृषकों को आंशिक अपंगता के लिये 50 हजार रूपये की सहायता प्रदान की जाती है। स्थायी अपंगता पर एक लाख रूपये एवं मृत्यु होने पर 4 लाख रूपये प्रदान किये जाते है। साथ ही अंत्येष्टि के लिये 4 हजार रूपये की सहायता दिये जाने का प्रावधान है। इसी तरह कृषि उपज मण्डी समितियों में अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों के उत्थान के लिये भी योजना लागू की गई है। योजना अंतर्गत प्रसूति व्यय एवं प्रसूति अवकाश सहायता, विवाह के लिये सहायता, प्रावीण्य छात्रवृत्ति सहायता, चिकित्सा सहायता, दुर्घटना में स्थायी अपंगता सहायता, मृत्यु सहायता, अंत्येष्टि सहायता, मण्डी प्रांगण में कार्य करते समय हुई दुर्घटना में सहायता आदि का समावेश किया गया है।

कृषि उपज मण्डी समितियों में कार्यरत अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों के सहायतार्थ मुख्यमंत्री कृषि उपज मण्डी हम्माल एवं तुलावटी वृद्धावस्था सहायता योजना-2015 लागू की गई। यह योजना उन हम्माल एवं तुलावटियों एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों पर प्रभावी होगी, जो मण्डी उपविधि के प्रावधान अनुसार मण्डी समिति में 18 से 55 वर्ष आयु के अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटी हैं। योजनांतर्गत हितग्राही को न्यूनतम एक हजार एवं अधिकतम 2 हजार रूपये तक प्रति वर्ष अंशदान जमा करना होगा। इस योजना का लाभ पात्रता रखने वाले अनुज्ञप्तिधारी हम्माल एवं तुलावटियों को 60 वर्ष की आयु पूर्ण या हितग्राही की आकस्मिक मृत्यु या स्थायी अपंगता अथवा असाध्य बीमारी होने की दशा में प्राप्त होगा। मण्डियों में प्रत्येक वर्ष में 2 बार नर्मदा जयंती एवं बलराम जयंती के अवसर पर लॉटरी पद्धति द्वारा ड्रॉ निकाले जाते हैं, जिसमें बम्पर ड्रा के पुरुस्कार में क प्रवर्ग की मण्डी समिति में 35 अश्वशक्ति का ट्रैक्टर एवं ख, ग तथा घ प्रवर्ग की मण्डी समितियों में 50 हजार रूपये मूल्य तक के कृषि यंत्र दिये जाने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त मण्डी के श्रेणी अनुसार एक हजार से 21 हजार रूपये तक की नगद राशि के रुप में पुरुस्कार दिये जाते हैं। राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार मण्डी समितियों में कृषि उपज के विक्रय के लिये आये कृषकों को 5 रुपये में भोजन थाली उपलब्ध कराने की योजना लागू की गई।

## जनसुनवाई में आए 19 आवेदन

**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 19 आवेदन आए। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने जनसुनवाई में आम लोगों की समस्याएं सुनीं।

# अन्तर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न

## मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि कपूर गढ़पाले ने लगाया अर्ध शतक



**पन्ना।** पन्ना नगर के अंदर स्थानीय पॉलिटेक्निक मैदान पर अन्तर विभागीय टूर्नामेंट क्रिकेट का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मैच 1 फरवरी से चल रहा है, जिसमें जिसमें नगर नगर पालिका विभाग राजस्व पुलिस विद्युत विभाग हॉस्पिटल शिक्षा विभाग की टीमों ने भाग लिया आज दिनांक 3 फरवरी 2025 को स्थानीय पॉलिटेक्निक खेल मैदान पर सुबह 7:30 बजे से नगर पालिका और अस्पताल विभाग के बीच मैच हुआ मैच 12 ओवर का था जिसमें पहले बैटिंग करते हुए नगर पालिका की टीम ने 142 रन बनाए टीम के कप्तान मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ शशि कपूर गढ़पाले रहें जिन्होने अपनी टीम की ओर से अर्धशतक लगाया स्वास्थ्य विभाग की टीम 11 ओवर में ही समिट गई तथा 50 रन से हार गई। मैच के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिकपूर गढ़पाले ने अर्ध शतकीय पारी खेलते हुए अपनी टीम को विजयी बनाया। स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से डॉक्टर जितेंद्र खरे शिशु रोग विशेषज्ञ कप्तान रहे नगरपालीका की जीत पर सभी ने कप्तान शशि कपूर सहित खिलाड़ीयो को बधाई दी है।

# हीरा नीलामी में विक्रय हीरों का होगा भुगतान

**पन्ना।** गत दिसम्बर माह में संपन्न हुई हीरा नीलामी में 300.13 कैरेट वजन के कुल 127 नग हीरों का प्रदर्शन किया गया था। इस दौरान 5 करोड़ 38 लाख 62 हजार 233 रूपए में 230.81 कैरेट वजन के 86 नग हीरों का विक्रय किया गया। नीलामी में सूरत, गुजरात एवं मुम्बई के व्यापारियों द्वारा उच्च बोली लगाकर हीरा क्रय किए गए, लेकिन कुछ व्यापारियों द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म के बैंक खाता क्रमांक 35562351653 में राशि जमा कराए जाने के कारण तुआदारों को विक्रय हीरों का भुगतान नहीं किया जा सका था। अब हीरा अधिकारी कार्यालय पन्ना के लेखा शीर्ष में गत 3 फरवरी को राशि अंतरित हो जाने के कारण भुगतान में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। इस संबंध में हीरा जमाकर्ताओं को सूचित किया गया है कि जिन तुआदारों के हीरा विक्रय हो चुके हैं, वे आधार एवं पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक व हीरा जमा रसीद के साथ कार्यालय में उपस्थित होकर भुगतान प्राप्त कर सकते हैं।

# सरपंच संघ प्रदेश अध्यक्ष राजबीर सिंह ने ली बैठक

## अनेक मुद्दो पर की चर्चा

**पन्ना।** राष्ट्रीय सरपंच संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजवीर सिंह तोमर द्वारा पन्ना जिला मुख्यालय मे जिले के सरपंचो, पंचायत पदाधिकारीयो की बैठक लेते हुए उनकी समस्याओं तथा मुद्दो पर गंभीरता से विचार विमर्श किया। उक्त संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि सरपंचो की 22 सूत्रीय मांगो को मुख्यमंत्री तथा पंचायत मंत्री तक भेजकर उनका निराकरण कराया जाये। जिसमें मनरेगा योजना को मूल रूप मे लाया जाये, निर्माण अनिमित्ता की जिम्मेदारी अधिकारी कर्मचारीयो की लापरवाही की बजह से होती है, इस में सरपंचो को टारगेट न किया जाये, पंचायत निर्माण कार्य मे सीएसआर, एसओआर, नवीन रूप से लागू किया जाये, लाडली बहना योजना का पोर्टल सभी महिलाओ



को लिए खोला जाये, ग्राम पंचायत विकास निधी गठित कर सरपंच निधी बनाई जाये, ग्राम पंचायतो को आर्थिक रूप से सुद्रढ़ किया जाये, उक्त तमाम बिन्दुओ का उल्लेख किया गया है। इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमें मख्य रूप से पूर्व जनपद उपाध्यक्ष अरविन्द यादव, रजनीश पटेल, संजू शुक्ला, बृजमोहन यादव, विक्रम सिंह बुन्देला, सिद्ध चरण पान्डेय, अजय पटेल, दीपक कुमार, अरविन्द सिंह, राम शिरोमणि सिंह, रामदास अहिरवार, रोशन मुंडा, अंजना शर्मा, रेखा यादव, उर्मिला पटेल, मानसी तिवारी, धर्मेन्द्र पान्डेय आदि।

# 15 फरवरी तक करें छात्रवृत्ति आवेदन

**पन्ना।** आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक सत्र 2021-22 में एमपी टॉस पोर्टल के पीएमएस मॉड्यूल अंतर्गत छात्रवृत्ति आवेदन के संबंध में सूचित किया गया है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति और आवास के नवीन एवं नवीनीकरण आवेदन के लिए पोर्टल आगामी 15 फरवरी तक खुला रहेगा। इसी तरह शैक्षणिक सत्र 2022-23 एवं 2023-24 के लिए भी आवेदन की पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि 31 जनवरी से बढ़ाकर 15 फरवरी निर्धारित कर दी गई है। जिला संयोजक आर.के. सतनामी ने जिले के समस्त शासकीय-अशासकीय महाविद्यालय प्राचार्यों से निर्धारित समयावधि में संस्था में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्र-छात्राओं से आवेदन एवं डाटा अपलोड कराने की अपेक्षा की है।

# पुरषोत्तमपुर सरस्वती शिशु मंदिर मे धूम धाम से मनाया गया बसंत पंचमी का त्यौहार

**पन्ना।** पुरषोत्तमपुर स्थित शिशु मंदिर एवं सुदर्शन वनवासी छात्रावास में बसंत पंचमी का कार्यक्रम धूम धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के पूजन के साथ की गई, तत्पश्चात् छात्र छात्राओ द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रविराज यादव उपस्थित रहें तथा योगेन्द्र भदौरिया, रीतेश सोनी आदि के द्वारा दीप प्रज्वल्लन किया गया। विद्यालय में प्रवेश के लिए शिशु बच्चो



के अभिवावक भी उपस्थित हुए वही शिशु वाटिका पुरषोत्तमपुर में मुख्य अतिथि एल आई सी में डेवलपमेंट ऑफिसर अमर सिंह के मुख्य आतिथ्य मे सरस्वती वंदन और यज्ञ सम्पन्न हुआ विद्यालय के पूर्व आचार्य पंडित अरुण गंगेले द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर में एवं मंडन मिश्रा द्वारा शिशु वाटिका में पूजा अर्चन व यज्ञ सम्पन्न कराया गया सभी छात्र छात्राओं आचार्य परिवार एव बच्चो के अभिवावकों द्वारा यज्ञ संस्कार में आहुति दी गयी। इस अवसर पर प्राचार्य शारदा मिश्र वरिष्ठ सदस्य कुंज विहारी अग्रवाल समिति सदस्यों के अलावा आचार्य दीदी एवं विद्यालय समिति के व्यवस्थापक इंजी योगेंद्र भदोरिया का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस ने मारा छापा, आठ जुआरी गिरफ्तार

**पन्ना।** जिले के धरमपुर थाना अन्तर्गत ग्राम रामपुर में धरमपुर पुलिस द्वारा जुआं फड़ पर छापा मारा गया था, जिसमें आठ जुआरी गिरफ्तार हुए तथा उनके कब्जे से दस हजार पांच सौ रूपये नगद एवं तास के पत्ते बरामद किये गये। पुलिस ने जुआ एक्ट 13 अपराध क्रमांक 41/25 कायम किया गया। उक्त जुआ फड में आकाश विश्वास पिता मनोहर विश्वास उम्र 40 साल रामबहादुर पाल पिता भगवत पाल उम्र 32 साल, मुन्ना लोध उर्फ हरिशरण लोध पिता रामलखन उम्र 45, शालिकराम मिश्रा पिता सुदर्शन मिश्रा उम्र 45 साल, सुरेश साहू पिता जागे साहू उम्र 50 साल, सुमित मिश्रा पिता बाबूलाल मिश्रा उम्र 30 साल, सुंदर प्रजापती पिता लुडकिया प्रजापती उम्र 50 साल, बाबू उर्फ कमलेश पिता द्वारिका पाल उम्र 27 साल निवासी बजरंगपुर थाना धरमपुर आदि। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी धरमपुर उनि बलवीर सिंह,सउनि रावेन्द्र सिंह,अर्जुन सिंह, प्र.आर. शिवचरण, अशोक कुमार, अशोक प्रजापती, इन्द्रपाल आर. वरुण, निश्चल अमित यादव विनोद सिंह, वृजेश, प्रभुदयाल, म.आर. आकांक्षा, चालक आर. अखिल शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

# नगर पंचायत अमानगंज में चल रहा घटिया नाली निर्माण का कार्य

**पन्ना।** नगर परिषद अमानगंज में लगातार निर्माण कार्यो में भ्रष्टाचार किया जा रहा है, मनमाने ढंग से निर्माण कार्य कराये जा रहें है, नाली, सीसी सड़क सहित अन्य कार्य जो ठेकेदार के माध्यम से कराये जा रहे है, उक्त कार्यो में नगर पालिका के जिम्मेदारो द्वारा ठेकेदारो से जमकर कमीशन लिया जा रहा है, इसी कारण ठेकेदार भी घटिया निर्माण करा रहें है। उदाहरण के तौर पर नया बस स्टैंड में चल रहे नाली निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया जा



रहा है तथा अमानक मटेरियल लगाकर निर्माण हो रहा है। इसके अलावा नगर के अन्दर और भी जो कार्य नगर परिषद द्वारा कराये गये अत्यन्त ही घटिया एवं गुणवत्ताहीन किये गये है। स्थानीय लोगो ने निर्माण कार्य की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग वरिष्ट अधिकारीयो से की है।

# जिले में आदिवासी समाज की स्थित बदतर, नहीं मिल रहा शासन की योजनाओं का लाभ

**पन्ना।** प्रदेश तथा केन्द्र सरकार द्वारा गरीब आदिवासीयों की स्थिती सुधारने के लिए अनेको योजनाए संचालित की जा रहीं है, तथा आदिवासीयो के नाम पर संचालित योजनाओं मे करोड़ो रूपये की राशि खर्च की जा रहीं है, लेकिन पन्ना जिले में गरीब आदिवासी बर्ग की स्थिती आज भी बदतर बनीं हुई है तथा वहीं पुराना धंधा लकड़ी बेंचकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रहें है, आज के समय में शिक्षा को लेकर जहां करोड़ो रूपये खर्च किये जा रहे है तथा प्रत्येक बच्चा को शिक्षा दिलाने के लिए किताबे ड्रेस, भोजन, साईकिल,



छात्रवृत्ति दी जा रहीं है, लेकिन इसका लाभ आदिवासी वर्ग तक नहीं पंहुच पा रहा है। यहीं कारण है कि छोटे छोटे बच्चे सिर पर गट्टा करखकर लकड़ी बेचने कस्वा, तहसील तथा जिला मुख्यालय आते है, सौ, दौ सौ रूपये की लकड़ी बेचकर उनका जीवन यापन होता है। श्रम विभाग, आदिम जाति विभाग सहित अनेक विभाग आदिवासी वर्ग के लिए काम कर रहे है, तथा अनेक योजना चला रहे है, लेकिन फिर भी उक्त वर्ग की स्थिती बदतर है, आदिवासीयो की जमीने भूमाफिया उल्टे सीधे दस्तावेज लगाकर हडप रहें है तथा जिले के बड़े अधिकारी आदिवासीयो की जमीनो को बेचने की मंजूरी लाखो रूपये लेकर के अन्य वर्गो के नाम कर रहें है, जिससे जहां एक ओर आदिवासी वर्ग पहले से गरीब है वहीं दूसरी ओर वह भूमहीन भी होते जा रहें है। स्थानीय लोगो ने आदिवासी वर्ग के उत्थन के लिए योजनाए चलाने की मांग की है।

# बिना अनुमति जल निगम के ठेकेदार ने खोद डाली कमला बाई तालाब की मिट्टी

## कार्यवाही की मांग

पन्ना

निर्माणधीन जल निगम की बिल्डिंग का कार्य बाय पास पर चल रहा है जिसमें मिट्टी की फीलिंग के लिए कमलाबाई के तालाब से अवैध तरीके से हजारों ट्रैक्टर मिट्टी खोदी जा रही है जिसके लिए जेसीबी लगाकर 10 से 15 ट्रैक्टर चक्कर पर चक्कर लगाए जा रहे हैं और सैकड़ो चक्कर मिट्टी खोदकर फीलिंग की जा रही है जबकि इसके लिए जिला प्रशासन एवं खनिज विभाग से कोई भी अनुमति नहीं ली गई है। बिना अनुमति के अवैध उत्खनन लगातार किया गया। तथा उक्त





मामले में जल निगम के अधिकारी बिना अनुमति के ठेकेदार को आश्वासन दे रहे हैं कि कुछ नहीं होगा तुम मिट्टी खोदो और ठेकेदार द्वारा जबरन बिना अनुमति के सैकड़ो ट्रैक्टर मिट्टी खोदकर जल निगम की निर्माणधीन बिल्डिंग में फीलिंग की जा रही है जब मीडिया ने इस विषय का संज्ञान लिया तो मौके पर उनके पास कोई भी अनुमति नहीं मिली और ना ही अधिकारी अनुमति नही दिखा पाये, अधिकारियों को संज्ञान में आते ही मौके से जेसीबी एवं ट्रैक्टर रफू चक्कर हो गए मिट्टी खोदने के लिए जिला प्रशासन से एवं खनिज विभाग से अनुमति लेना आवश्यक होता है इसके लिए व्यवस्थित आवेदन देते हुए कितने हजारो घन मीटर मिट्टी खोदनी है इसकी रायल्टी जमा करनी होती है इसके बाद ही मिट्टी खोद सकते हैं और व्यवस्थित उसकी अनुमति खनिज विभाग द्वारा दी जाती है पर जल निगम के अधिकारियों द्वारा बिना अनुमति की ही सैकड़ो चक्कर ट्रैक्टर मिट्टी खोद ली गई। जिन पर तत्काल जुर्माना लगाकर रायल्टी की राशि जमा कराई जानी चाहीए।

### इनका कहना है

*महाप्रबंधक जल निगम शिवम सिन्हा ने कहा कि आप लोगो को क्या दिक्कत है, हम अनुमति नहीं लेगें शासकीय कार्य कर रहें है, मेरे द्वारा खनिज विभाग को सूचित कर दिया गया है, बिना अनुमति के मिट्टी खोदाई करने के मामले मे संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही की जाये।*

**अखिलेश प्रजापति**
**तहसीलदार पन्ना**

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, गुरूवार 06 फरवरी 2025



नगरीय विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा मउगंज में जल प्रदाय परियोजना का कार्य किया गया। नागरिकों को कम्पनी द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छ जल का महत्व बताने के लिए समय समय पर प्रयास किए जा रहे है।



## आईएमआर, एमएमआर में सुधार के लिये फोकस्ड एप्रोच से करें कार्य : उप मुख्यमंत्री

### स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की उप मुख्यमंत्री ने समीक्षा की



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि सरकार प्रदेश के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने मंत्रालय में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विस्तृत समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया की अद्यतन स्थिति, अधोसंरचनात्मक विकास कार्य, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं और प्रदेश के स्वास्थ्य मानकों में सुधार के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तृत समीक्षा कर दिशा निर्देश दिये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि चिकित्सक एवं सहायक चिकित्सकीय स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष तक प्रदेश के 50 प्रतिशत सीएचसी को एफआरयू में उन्नयन किया जाना है। इसके लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधोसंरचनात्मक विकास कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा के लिए विशेष निगरानी तंत्र स्थापित करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग से परियोजनाओं की गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन जिलों में स्वास्थ्य मानकों की स्थिति ठीक नहीं है, वहां स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति सुधारने के लिए कारकों का गहन विश्लेषण किया जाए और विशेष प्रयास किए जाएं। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि 9 और 25 तारीख् को आयोजित होने वाले एएनसी जांच दिवस के प्रति व्यापक जागरूकता का प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाएं इसका लाभ उठा सकें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि गर्भवती महिलाओं की गर्भधारण से लेकर प्रसव पूर्व सभी अनिवार्य जांचों को सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि समय पर सभी आवश्यक जांचें न केवल सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करेंगी बल्कि शिशु मृत्यु दर (क्ष्ङ) और मातृ मृत्यु दर (ग्ङ) में भी सुधार होगा। उन्होंने कहा कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी का समय पर चिन्हांकन कर आवश्यक चिकित्सा व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष निगरानी प्रणाली लागू की जाए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिये कि शिशु और मातृ मृत्यु दर में सुधार के लिए फोकस्ड एप्रोच अपनाई जाए। जिन जिलों में स्वास्थ्य मानको की स्थिति ठीक नहीं है वहाँ कारकों को चिन्हांकित करके विशेष प्रयास किये जायें। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी इन जिलों में नियमित दौरा कर जमीनी स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री संदीप यादव, आयुक्त श्री तरुण राठी, संचालक श्री प्रवीण सिंह अढ़ायच, मिशन संचालक एनएचएम डॉ. सलोनी सिडाना, संचालक श्री दिनेश श्रीवास्तव सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री आज आएंगे रीवा

### सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में पेसमेकर क्लीनिक का करेंगे शुभारंभ

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से 6 फरवरी को प्रात: 8 बजे रीवा आएंगे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्रात: 11 बजे सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट करेंगे। उप मुख्यमंत्री दोपहर 12 बजे सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में पेसमेकर क्लीनिक का शुभारंभ करेंगे तथा दोपहर 12.30 बजे सतना के लिए प्रस्थान करेंगे। उप मुख्यमंत्री सतना में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद शाम 4 बजे वापस रीवा आएंगे तथा सर्किट हाउस में विद्युत मण्डल द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करेंगे। उप मुख्यमंत्री सर्किट हाउस में ही शाम 5 बजे जिला पंचायत द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करेंगे।

## छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लंबित आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराएं : कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लंबित छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के आवेदन 15 फरवरी तक दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने सभी शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालय के डीन, प्राचार्य और नोडल अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के छात्रों के वर्ष 2021-22, 2022-23 एवं 2023-24 के छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के ऑनलाइन आवेदन के लिए एमपी टॉस पोर्टल 31 जनवरी 2025 तक खोला गया था, जिसे आगामी 15 फरवरी तक के लिए पुन: खोलकर अंतिम अवसर दिया गया है। जिन विद्यार्थियों के ऑनलाइन आवेदन छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता के लिए लंबित हैं उनके आवेदन निर्धारित अवधि तक पोर्टल में अनिवार्य रूप से दर्ज कराएं। इसके साथ ही वर्ष 2024-25 के नवीनीकरण व नवीन छात्रों के आवेदन कराकर नोडल अधिकारी के माध्यम से सत्यापित कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा है कि यदि कोई विद्यार्थी छात्रवृत्ति तथा आवास सहायता के लाभ से वंचित रहता अथवा इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराता है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी संबंधित संस्था प्रमुख एवं नोडल प्रभारी की होगी और उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम आज

**रीवा।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 6 फरवरी को शाम 4 बजे से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदकों की समस्याएं सुनेंगे। समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में सभी संबंधित अधिकारियों से एनआईसी कक्ष में उपस्थिति का अनुरोध किया गया है।

## मऊगंज जिले में बोर्ड परीक्षा के लिए उड़नदस्ता दल गठित

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने जिले में हायर सेकण्डरी तथा हाईस्कूल बोर्ड परीक्षाओ के शांतिपूर्ण आयोजन एवं व्यवस्थाओं के लिए उड़नदस्ता दलों का गठन किया है। उड़नदस्ता दल में शामिल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन निष्पक्षतापूर्वक करने तथा परीक्षा केन्द्रों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार मऊगंज सौरभ मरावी तथा बीआरसी मऊगंज शिवकुमार रजक को शासकीय कन्या उमावि मऊगंज, बालक उमावि मऊगंज, उमावि मऊगंज तथा सरस्वती उमावि मऊगंज परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। नायब तहसीलदार मऊगंज श्यामलाल मोंगरे तथा राजस्व निरीक्षक सीतापुर नीलेन्द्र सिंह को माडल उमावि पुष्पराज खुटहा तथा उमावि मऊगंज परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। नायब तहसीलदार मऊगंज श्यामलाल मोंगरे तथा प्राचार्य सीएम राइज स्कूल देवतालाब अशोक कुमार मिश्र को उमावि देवतालाब, हाईस्कूल देवतालाब, सरस्वती उमावि देवतालाब तथा उमावि नईगढ़ी के परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है।

जारी आदेश के अनुसार तहसीलदार नईगढ़ी मणिराज सिंह बागरी तथा बीआरसी नईगढ़ी रामकुमार सिंह को उमावि कन्या नईगढ़ी, उमावि भीर नईगढ़ी, उमावि बंधवा नईगढ़ी तथा उमावि माडल स्कूल नईगढ़ी परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। तहसीलदार हनुमना कुवारे लाल पनिका तथा राजस्व निरीक्षक प्रेमसागर वैश्य को उमावि खटखरी, उमावि कन्या हनुमना तथा उमावि गौरी परीक्षा केन्द्रों के लिए तैनात किया गया है। नायब तहसीलदार हनुमना बैसाखू राम प्रजापति तथा राजस्व निरीक्षक खटखरी नीरज शुक्ला को उमावि बालक हनुमना, सरस्वती विद्यामंदिर हनुमना तथा उमावि माडल हनुमना के परीक्षा केन्द्रों के लिए नियुक्त किया गया है।

## खनि रियायत स्वीकृति संबंधी बैठक आज

**रीवा।** वन सीमा से 250 मीटर परिधि में आने वाली भूमियों के खनि रियायत में स्वीकृति के संबंध में बैठक 6 फरवरी को आयोजित की गई है। कमिश्नर रीवा संभाग बी.एस. जामोद की अध्यक्षता में कमिश्नर कार्यालय में दोपहर 12.30 बजे से आयोजित बैठक में सिंगरौली जिले से प्राप्त खनि पट्टा एवं आपत्ति प्रमाण पत्र स्वीकृति पर चर्चा की जायेगी। बैठक में मुख्य वन संरक्षक, कलेक्टर सिंगरौली, वन मण्डलाधिकारी सिंगरौली तथा जिला खनिज अधिकारी सिंगरौली उपस्थित रहेंगे।

## कलेक्टर ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा की

### अवैध खनिज परिवहन तथा अवैध शराब विक्री पर रोक के दिये निर्देश



**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने खनिज, आबकारी, परिवहन तथा खाद्य सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि अवैध खनिज परिवहन पर सख्ती बरतें तथा अवैध उत्खनन किसी भी स्थिति में न हो। उन्होंने कहा कि जवा क्षेत्र में टमस नदी से अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें प्राप्त होती है। उस पर कार्यवाही करें तथा अवैध उत्खनन के प्रकरण बनाकर वाहनों की जप्ती करायें।

कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने अवैध शराब की विक्री पर रोक थाम के निर्देश देते हुए कहा कि टीम गठितकर शिकायत वाले क्षेत्रों में कार्यवाही करें। उन्होंने आरटीओ को निर्देशित किया कि बिना रजिस्टर्ड वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही करें तथा असुरक्षित बसों व अन्य वाहनों को हटाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें। जिन वाहनों के बीमा नहीं हैं उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जाय। खाद्य सुरक्षा की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने प्रतिष्ठानों से नमूने लेने तथा अधिरोपित अर्थदण्ड की वसूली की कार्यवाही करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। उन्होंने रेगुलेटरी सेंपल लेने तथा सर्विलांस सेंपल को बढ़ाने की बात कही। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिये कि खाद्य सुरक्षा में की गयी कार्यवाही की सतत मानीटरिंग करें। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि किये गये कार्यवाही को आगामी तीन दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करें तथा लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करायें। बैठक में संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## निक्षय अभियान के तहत बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**रीवा।** भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त भारत बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में निक्षय शिविर अभियान तहत केन्द्रीय जेल रीवा में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस संबंध में जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि निक्षय अभियान के तहत जेल के बंदियों की टीबी जांच के लिए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसमें हैंडहेल्ड एक्सरे तथा एनएएटी का उपयोग करके 209 बंदियों की टीबी की जांच की गई। बंदियों में टीबी की संभावना न हो इसके लिए उनकी सीवायटीवी, आईजीआरए जांच भी करवाई गई। जांच में टीबी से संक्रमित पाए जाने वाले कैदी का उपचार भी कराया जाएगा। शिविर को सफल बनाने में उप जेल अधीक्षक संजीव कुमार गेंदले, उप जेल अधीक्षक योगेश परमार, सहायक जेल अधीक्षक श्याम सिंह कुशवाह, वरिष्ठ जेल चिकित्सक पियूष निगम, मेडिकल आफीसर डॉ पिंकी सिंह उपस्थित रहे। फार्मासिस्ट विवेक मौर्य, लैब टेक्नीशियन प्रियंका धाकड़, सुनील मिश्रा, बद्री प्रताप सिंह, लवकुश वर्मा, कुलदीप पटेल, कमलेश सिंह, जिशान खान, नेहा भुजवा, मोहम्मद अजहर तथा विनय साकेत का विशेष योगदान रहा।

## भूमि आवंटन के संबंध में आपत्ति आगामी सात दिवस तक आमंत्रित

**रीवा।** ग्राम चिरहुला की भूमि खसरा नंबर 185/1 रकवा 64.868 हेक्टेयर में से 25.54 एकड़ का आवंटन एमपी एच आईडीबी की जनरल हाउसिंग स्कीम के लिए किया जाना है। इस भूमि के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह आगामी सात दिवस में नायब तहसीलदार हुजूर नगर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के पश्चात आपत्ति प्राप्त न होने पर भूमि आवंटन संबंधी कार्यवाही की जाएगी।

## गोदामों में भण्डारित स्कंध के भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** जिले की गोदामों में भण्डारित स्कंध के भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा नियुक्त किए गए अधिकारी समर्थन मूल्य एवं प्राइस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत उपार्जित स्कंध तथा सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत सामग्री का भौतिक सत्यापन करेंगे। एमपी डब्ल्यूसीएल रीवा गोदाम के लिए यतीश शुक्ला नायब तहसीलदार, सुभाष द्विवेदी सहायक आपूर्ति अधिकारी एवं केन्द्र प्रभारी को, एमपी डब्ल्यूसीएल क्योटी के लिए रमाकांत तिवारी नायब तहसीलदार, सुभाष द्विवेदी एवं केन्द्र प्रभारी भेड़रहा को तथा एमपी डब्ल्यूसीएल भेड़रहा के लिए मनोज शुक्ला नायब तहसीलदार, वंदना जैन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी व केन्द्र प्रभारी को जाँच दल में शामिल किया गया है। इसी प्रकार एमपी डब्ल्यूसीएल घूमा के लिए तहसीलदार नीलेश कुमार सिंह, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा व केन्द्र प्रभारी चाकघाट को तथा एमपी डब्ल्यूसीएल चाकघाट के लिए नायब तहसीलदार प्रकाश उपाध्याय, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विनीत मिश्रा व केन्द्र प्रभारी चाकघाट को जाँच दल में शामिल किया गया है।

## फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए आयोजित किए जा रहे हैं विशेष शिविर

**रीवा।** किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिले इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य जारी है। इसके बन जाने से किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ आसानी से मिल सकेगा। फार्मर रजिस्ट्री के बनने से किसानों को खरीदी केन्द्रों में पंजीयन, किसान क्रेडिट कार्ड, फसल बीमा योजना सहित सत्यापन में आसानी होगी। किसान भाई वेबसाइट एग्रीस्टैक डॉट जीओभी डॉट इन का प्रयोग कर फार्मर रजिस्ट्री बना सकते हैं। इसके अलावा गिरदावरी के लिए चिन्हित किए गए स्थानीय युवा, पटवारी एवं सीएससी केन्द्रों में भी फार्मर रजिस्ट्री बनवाई जा सकती है। फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए 15 फरवरी तक राजस्व विभाग द्वारा स्थानीय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सभी किसान इन शिविरों में पहुंचकर फार्मर आईडी तथा आधार आरओआर का भी कार्य करवा सकते हैं।

जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बन पाएगी वे आगामी पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त से वंचित हो सकते हैं। फार्मर आईडी के बिना उपार्जन के लिए पंजीयन, फसल बीमा एवं अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा।

## छात्रों ने समझी स्वच्छ जल की उपयोगिता

**रीवा।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग अन्तर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा मउगंज में जल प्रदाय परियोजना का कार्य किया गया। नागरिकों को कम्पनी द्वारा जल संरक्षण और स्वच्छ जल का महत्व बताने के लिए समय समय पर प्रयास किए जा रहे है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुवगवां में छात्रों को जल शोधन संयंत्र का भ्रमण कराया गया। छात्रों को नल से जल की उपयोगिता व स्वच्छ जल की महत्ता भी समझाई गई। कार्यक्रम का समन्वय सामुदायिक विकास अधिकारी शैलेष तिवारी और उपयंत्री अनिमेष श्रीवास्तव ने किया।

## सीटू ने केन्द्रीय बजट की प्रतियां जलाई और किया विरोध



**रीवा।** केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के अखिल भारतीय आह्वान पर श्रमिक संगठन सीटू ने श्रमिक किसान विरोधी एवं कारपोरेट परस्त केन्द्रीय वजट के खिलाफ रीवा कमिश्नर कार्यालय के समक्ष विरोध प्रदर्शन कर केन्द्रीय वजट की प्रतियां जलाई। इस मौके पर श्रमिक नेताओं ने कहा कि यह आम लोगों का नहीं खास लोगों का वजट है देश के बेरोजगार युवाओं, श्रमिकों, किसानों, स्वास्थ्य सेवाओं, शिक्षा आदि के क्षेत्रों में वजट में किसी भी तरह की राहत नहीं दी गई। इस आम वजट में सिर्फ उच्च्व मध्यम वर्ग को खुश करने का प्रयास किया गया। वित्त मंत्री ने देश के चंद पूंजीपतियों एवं आगामी राज्यों में होने बाले चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए वजट पेश किया। रोजगार सृजन की कोई भी ठोस रणनीति नहीं की गई, श्रमिकों के अधिकार, सामाजिक सुरक्षा और वेतनवृद्धि को लेकर कोई ठोस नीति नहीं लाई गई, श्रम संहिताओं एवं न्यूनतम मजदूरी को बढ़ाने को लेकर भी कोई चर्चा नहीं है। स्वास्थ्य क्षेत्र में देश के अंदर बड़ी सुधार की आवश्यकता है लेकिन इस बजट में स्वास्थ्य सेवाओं और इन्फ्रास्टेक्चर पर जो आवश्यक धनराशि दी जानी चाहिए वह भी नहीं दी गई। युवाओं को नई नौकरी तैयार करने के लिए स्किल डपलपमेन्ट प्रोग्राम की आवश्यकता है लेकिन इस दिशा में भी कोई ठोस पहल सरकार द्वारा नहीं किया गया है आम लोगों की आमदनी बढ़ नहीं रही लेकिन मंहगाई लगातार बढ़ रही है इसके लिए वेतन बढ़ाने,न्यूनतम वेतन में सुधार करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संकट और भी गहरा है लेकिन बजट में गांवो में खपत बढ़ाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कोई ठोस उपाय नहीं सुझाये गये हैं। इस विरोध कार्यवाही के दौरान सीटू के जिलाध्यक्ष गिरिजेश सिंह सेंगर, महासचिव सौरभ मिश्रा, अमित सोहगौरा, विनय शंकर मुफलिश, वसंतलाल सिंह, वृजेश सिंह, संजय तिवारी, अमरीष तिवारी, किशोरी वर्मा, सुनीता मिश्रा, रजिया खांन, राजकुमारी साकेत, निर्मला सिंह, सीता सिंह, अमृता सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रमिक उपस्थित रहे।

## कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री 7 फरवरी को रीवा आएंगे

**रीवा।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री गौतम जी टेटवाल रेवांचल एक्सप्रेस द्वारा 7 फरवरी को प्रात: रीवा आएंगे तथा सर्किट हाउस में आमजनों से भेंट करेंगे। श्री टेटवाल प्रात: 11 बजे रीवा से प्रयागराज के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री गौतम जी टेटवाल 8 फरवरी को शाम 5 बजे प्रयागराज से रीवा पहुंचेंगे। तदुपरांत रात्रि 8 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन द्वारा भोपाल रवाना हो जाएंगे।

## उद्यान अधिकारी ने ग्रहण किया पदभार

**रीवा।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण संचालनालय भोपाल के आदेश के परिपालन में प्रभारी सहायक संचालक उद्यान रीवा का पदभार बृजराज सिंह सेंगर ने ग्रहण कर लिया है। उनका मोबाइल नम्बर 7999043398 है।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833